विश्व बैंक परियोजना अर्न्तगत विद्यालयों की शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार के लिए विकास खण्ड स्तर पर ब्लाक संसाधन केन्द्र तथा न्यायपंचायत स्तर पर न्याय पंचायत संसाधन केन्द्र की स्थापना की गई । मानक अनुसार भवन के अतिरिक्त समन्यवयक, सहायक समन्यवयक, तथा एक परिचारक का पद सृजित कर उनकी नियुक्ति की गई। इनमें प्रदत्त सभी साज सज्जा विद्यमान है। परन्तु विकास खण्ड स्तर पर बी.आर.सी. समन्वयक, सहायक समन्वयक परिचारक तथा एन.पी.आर.सी. समन्वयकों के पद परियोजना समाप्ति के बाद समाप्त हो चुके हैं। जिन्हें सर्व शिक्षा अभियान के अर्न्तगत पुनः सृजित किया जाना अपेक्षित होगा ताकि पूर्व कीभांति शिक्षकों की प्रशिक्षण कार्यशालाएं, शिक्षा का मूल्यांकन तथा अनुश्रवण सम्पादित हो सके। साथ ही बी.आर.सी. के उपकरणों के रखरखाव एवं मरम्मत हेतु कार्ययोजना बनायी गयी है।

विद्यालय अनुदान :-

बेसिक परियोजना के दौरान प्राथमिक स्तर पर 2000 रू. प्रति विद्यालय, पूर्व माध्यमिक स्तर पर 4000 रू. प्रति वि. प्रतिवर्ष वर्ष 99-2000 से स्वीकृत किया गया। जिससे विद्यालय का सौन्दर्यकरण तथा रखरखाव की पूर्ति की गई। विद्यालय अनुदान हेतु बेसिक शिक्षा परियोजना के दौरान कुल 1268000 रू. की धनराशि विद्यालय अनुदान हेतु बांटी गयी। इसे सर्वशिक्षा अभियान में भी स्वीकृत किये जाने का प्राविधान किया गया है।

अध्यापक अनुदान :-

प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक स्तर पर प्रति अध्यापक 500 रू. प्रति वर्ष बेसिक शिक्षा परियोजना द्वारा वर्ष 99-2000 से स्वीकृत किया गया। जिससे अध्यापक विषय एवं पाठ के अनुसार सहायक शिक्षण सामग्री का

निर्माण कर शिक्षण को प्रभावशाली एवं रूचिकर बना सके परियोजना द्वारा कुल 1656000 रू. शिक्षक अनुदान हेतु स्वीकृत किया गया। इसे सर्व शिक्षा अभियान में भी प्रस्तावित कर लागू करने का प्राविधान किया गया है।

पेयजल सुविधा उपलब्ध कराना :-

सभी के लिए शिक्षा परियोजना द्वारा अनुभव किया गया कि विद्यालयों में पेयजल की सुविधा उपलब्ध न होने से छात्र/छात्राओं के विद्यालय में ठहराव तथा पठन–पाठन में प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। जिसके फलस्वरूप परियोजना अवधि में उपलब्ध करायी गयी पेयजल सुविधा का विवरण निम्न प्रकार है :–

परियोजना द्वारा उपलब्ध करायी गयी पेयजल सुविधा का विवरण :–

विकास खण्ड	कुल विद्यालय (प्राथमिक व उ.प्रा. सम्मिलित)	सभी के लिये शिक्षा परियोजना द्वारा उपलब्ध करायी गयी पेयजल सुविधा वाले वि.की सं.	यू.पी.एग्रो द्वारा उपलब्ध पेयजल सुविधा वाले विद्यालय सं.	अन्य स्रोतो द्वारा उपलब्ध पेयजल सुविधा वाले विद्यालय	कुल पेयजल सुविधायुक्त विद्यालय	पेयजल विहीन विद्यालय
1	2	3	4	5	6	7
जसपुर	116	30	75	08	113	3
काशीपुर	106	44	47	15	106	–
बाजपुर	102	32	64	05	101	1
गदरपुर	122	34	84	01	119	3
रूद्रपुर	124	39	61	22	122	2
सितारगंज	129	39	71	13	123	6
खटीमा	130	35	60	23	118	12
योग	829	253	462	87	802	27

शौचालय :-

विश्वबैंक परियोजना के द्वारा यह भी अनुभव किया गया कि विद्यालय में अध्ययन करने वाले छात्र/छात्राओं हेतु शौचालय की नितान्त आवश्यकता है। अतः निर्णय लिया गया कि परियोजना के दौरान जो भी विद्यालय खोला जाए उसमें शौचालय तथा पेयजल व्यवस्था का प्राविधान भी रखा गया इसके अतिरिक्त जिन विद्यालयों में शौचालय नहीं है उनमें शौचालय निर्मित किए जाये इस हेतु परियोजना द्वारा धन आंवटित किया गया इस प्रकार जनपद में कुल 405 शौचालयों का निर्माण किया गया।

ग्राम शिक्षा समिमियों की सहभागिता :-

विश्व बैंक परियोजना के अर्न्तगत सामुदायिक सहभागिता हेतु ग्राम शिक्षा समितियों को प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाने हेतु ग्राम शिक्षा समिति के सभी सदस्यों को न्याय पंचायत स्तर पर प्रशिक्षित किया गया जिसके फलस्वरूप ग्राम शिक्षा समिति द्वारा निर्माण कार्य, छात्रवृत्ति वितरण, खाद्यान्न वितरण, विद्यालय रखरखाव खाते का आहरण वितरण आदि का अधिकार ग्राम शिक्षा समिति को दिया गया जिसके परिणाम, अपेक्षाकृत नहीं आये, जिसके फलस्वरूप सर्व शिक्षा अभियान के अर्न्तगत इसे सामुदायिक सहभागिता के रूप में प्राविधानिक किया जा रहा है :-

ग्राम शिक्षा समिति के प्रशिक्षण की स्थिति (विकास खण्डवार)

क्र.स.	विकास खण्ड का नाम	कुल ग्राम शिक्षा समिति	प्रशिक्षित ग्राम शिक्षा समिति	प्रशिक्षित सदस्य
1	2	3	4	5
1	जसपुर	51	51	1122
2.	काशीपुर	28	28	626
3.	बाजपुर	54	54	1232
4.	गदरपुर	55	55	1278
5.	रूद्रपुर	55	55	1494
6.	सितारगंज	43	43	990
7.	खटीमा	50	50	1100
	योग	336	336	7842

सामुदायिक पुस्तकालय :-

सभी के लिये शिक्षा परियोजना अर्न्तगत समुदाय को शिक्षा के प्रति प्रेरित करने के दृष्टिकोण से विद्यालयों में सामुदायिक पुस्तकालयों की स्थापना की गई जिनमें पत्र पत्रिकाऐं, सामाजिक एवं ज्ञानवर्धक पुस्तकें उपलब्ध करायी गयी, जिससे सम्बन्धित समुदाय के लोग पुस्तकालयों में जाकर अध्ययन करें परियोजना का यह उद्देश्य भी था कि परियोजना समाप्ति के बाद समुदाय के लोग पुस्तकालय को अपने हाथ में लेकर इनका संचालन स्वयं करें किन्तु परियोजना समाप्ति के बाद इसमें सफलता नहीं मिली । सर्व शिक्षा अभियान में इसे पुनः जोड़े जाने का प्राविधान किया जा रहा है ।

परियोजना द्वारा स्थापित सामुदायिक पुस्तकालयों का विवरण

क्र.स.	विकास खण्ड का नाम	परियोजना द्वारा स्थापित सामुदायिक पुस्तकालयों की संख्या
1	2	3
1	जसपुर	6
2.	काशीपुर	6
3.	बाजपुर	6
4.	गदरपुर	6
5.	रूद्रपुर	6
6.	सितारगंज	6
7.	खटीमा	6
	योग	42

बालिकाओं के लिए कार्यानुभव योजना :-

जनपद के विकासखण्ड गदरपुर में कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय बलरामपुर में चौक निर्माण विषयक प्रशिक्षण बालिकाओं को दिया गया । इस हेतु विद्यालय की एक शिक्षिका को चौक निर्माण विषयक ट्रेड में प्रशिक्षित किया गया।

द्विपाली योजना :-

जिस विकास खण्ड में उच्च प्राथमिक स्तर पर पढ़ने वाली बालिकाओं की संख्या अधिक है वंहां बालिकाओं की शिक्षा हेतु विशेष ध्यान देने के उद्देश्य से प्रयोग के तौर पर जनपद के निम्न दो उच्च प्राथमिक विद्यालयों में द्विपाली योजना के अर्न्तगत शिक्षण कार्य कराया जा रहा था (1)-उ.प्रा.वि. बर्की डंडी नगला, सितारगंज (2) उ. प्रा. वि. पूरनपुर, जसपुर। प्रथम पाली में छात्रों को तथा द्वितीय पाली में छात्राओं को शिक्षा दी जाती है। इस प्रक्रिया से उक्त विद्यालयों में बालिकाओं के नामांकन में वृद्धि वर्ष वार छात्रों की संख्या निम्न तालिका से प्रदर्शित है :-

वर्ष	उ.प्रा. वि. बरकी डांडी नगला क्षेत्र सितारगंज	उ.प्रा. वि. पूरनपुर जसपुर	योग
1	2	3	4
1997	70	100	170
1998	88	126	214
1999	110	143	253
2000	142	271	413

स्वास्थ्य परीक्षण :-

शासनादेश सं. 17/5-11-99 ई. 42/98 दिनांक 21 जुलाई 1999 के अनुसार परियोजना के अर्न्तगत जनपद के प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय में अध्ययन रत बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण माह जुलाई 1999 से अनवरत रूप से चलाया गया था जनपद के कुल 649 परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण का लक्ष्य निर्धारित था जिसके विरूद्ध वर्ष 2001 माह सितम्बर तक प्राप्त सूचना के अनुसार कुल 451 विद्यालयों के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण पूर्ण करा दिया गया है। राज्य परियोजना निदेशालय के निर्देशानुसार स्वास्थ्य कार्ड एवं सन्दर्भ कार्ड जनपद के प्रत्येक विद्यालय को उपलब्ध करा दिये गये ताकि बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण सम्बन्धी विवरण विद्यालयों में उपलब्ध रहें।

औषधि वितरण के लिए उत्तरांचल महिला उत्थान योजनान्तर्गत 1.38 लाख स्वीकृत किया गया था। जिससे औषधि वितरण किया गया।

विकास खण्ड	कुल विद्यालय जिनमें स्वास्थ्य परीक्षण किया गया	छात्र संख्या जिनका स्वास्थ्य परीक्षण हुआ	छात्रों की संख्या जिनका परीक्षण विद्यालय में हुआ	छात्रों की संख्या जिनका परीक्षण संकुल केन्द्र में हुआ
1	2	3	4	5
जसपुर	82	9450	2640	6810
काशीपुर	51	7197	90	7128
बाजपुर	74	7306	1652	5654
गदरपुर	81	6572	2173	4399
रूद्रपुर	25	2965	104	2861
सितारगंज	20	3118	532	2586
खटीमा	102	14254	1362	12892
काशीपर नगर	16	3034	739	2295
योग	451	53896	9271	44625

सेवारत प्रशिक्षण :-

परियोजना के अन्तर्गत विभिन्न स्तर के अध्यापकों के प्रशिक्षण की व्यापक व्यवस्था थी। शैक्षिक उन्नयन के लिए विभिन्न स्तर पर दिये गये सेवारत प्रशिक्षणों का विवरण निम्न तालिका से प्रदर्शित है :-

विकासखण्ड वार विभिन्न सेवारत प्रशिक्षणों की स्थिति :-

क्र.स.	विकासखण्ड	प्राथमिक स्तर पर सम्पन्न सेवारत प्रशिक्षण					पूर्व माध्यमिक स्तर पर सम्पन्न सेवारत प्रशिक्षण	
		काउन्डेशन कोर्स प्रशिक्षित अ.	भाषा प्रशिक्षित अ.	भाषा अनुपूरक प्रशिक्षित अ.	गणित प्रशिक्षित अ.	पर्यावरण प्रशिक्षित अ.	प्रशिक्षित अ. गणित	प्रशिक्षित अ. विज्ञान
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1.	जसपुर	187	187	229	231	265	68	23
2.	काशीपुर	165	243	252	252	265	45	19
3.	बाजपुर	146	130	121	172	188	49	30
4.	गदरपुर	178	143	177	177	218	45	26
5.	रूद्रपुर	265	324	290	292.	311	48	23
6.	सितारगंज	169	201	182	160	251	47	29
7.	खटीमा	242	284	215	266	298	58	27
	योग	1352	1521	1466	1550	1796	352	177

विद्यालय श्रेणीकरण :–

सभी के लिये शिक्षा परियोजना के अर्न्तगत विद्यालयों को दी गई सुविधाऐं एवं शैक्षिक वातावरण के मूल्यांकन हेतु विद्यालयों को श्रेणीबद्ध किया गया। इस हेतु 30 अक निर्धारित कर एक मूल्यांकन प्रपत्र का निर्माण किया गया तथा 25 से 30 अंक प्राप्त करने वाले विद्यालय को अ श्रेणी, 15 से 24 तक ब श्रेणी, 7 से 14 तक स श्रेणी तथा 1 से 6 तक द श्रेणी में रखा गया परियोजना के दौरान वर्ष 1999–2000 में जनपद उधम सिंह नगर में कुल 632 परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों का पर्यवेक्षण किया गया। प्रारम्भ में 28 विद्यालया अ श्रेणी में 399 ब श्रेणी में 168 स श्रेणी में तथा 37 विद्यालय द श्रेणी में आये। प्रयासों के पश्चात मूल्यांकन पर 37 वि. अ श्रेणी में 477 ब श्रेणी में 115 स श्रेणी में तथा 8 वि. द श्रेणी में आये इस प्रकार प्रयासों के बाद 9 विद्यालयों को द से ब श्रेणी में 20 विद्यालयों को द से स श्रेणी में 73 विद्यालयों को स से ब श्रेणी में तथा 4 विद्यालयों को ब से अ श्रेणी में लाया गया जिसका विवरण निम्न तालिका से प्रदर्शित है :–

विद्यालयों का श्रेणीकरण एवं प्रयासोपरान्त उपलब्धि :–

विकासखण्ड	परीक्षण किये गये प्रा. वि. संख्या	प्रयास से पूर्व की श्रेणी स्थिति				प्रयासोपरान्त की श्रेणी स्थिति				प्रयास के बाद परिवर्तन			
		A	B	C	D	A	B	C	D	D से C	D से B	C से B	B से A
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10				
जसपुर	84	3	68	13	–	3	74	7	–	–	–	6	–
काशीपुर	78	7	52	19	–	7	63	8	–	–	–	11	–
बाजपुर	74	9	61	4	–	13	61	–	–	–	–	4	4
गदरपुर	93	–	54	34	5	–	77	16	–	2	3	20	–
रूद्रपुर	92	1	16	47	28	1	39	45	7	18	3	20	–
सितारगंज	96	1	77	18	–	1	87	8	–	–	–	10	–
खटीमा	115	7	71	33	4	7	76	31	1	–	3	2	–
योग	632	28	399	168	37	32	477	115	8	20	9	73	4

नोट :– परियोजना के दौरान टनकपुर क्षेत्र के 18 प्रा. वि. तथा 6 उच्च प्रा. वि. कुल 24 विद्यालय भी खटीमा विकासखण्ड में थे जो अब जनपद चम्पावत में स्थानान्तरित किये जा चुके हैं।

अध्याय - 3

नियोजन प्रक्रिया

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद प्राथमिक शिक्षा (गुणात्मक एवं मात्रात्मक) के सार्वभौमिकरण के लिए विभिन्न कदम उठायें गये। जिसमें सभी के लिए शिक्षा परियोजना भी सम्मिलित है। इसके अर्न्तगत जनपद में 174 नवीन प्रा.वि., 75 उ.प्रा.वि. की स्थापना की गयी। 42 प्रा. तथा 3 उ.प्रा. विद्यालयों का पुनःनिर्माण किया गया 405 शौचालय व 253 विद्यालयों में पेयजल सुविधा उपलब्ध करायी गयी। परन्तु प्राथमिक शिक्षा के सार्वभौमिकरण के लक्ष्य की प्राप्ति अभी तक नहीं हो पाई है। इसका कारण प्रभावशाली एवं समझदारी युक्त तरीके से समाधान में कमी है।

सर्वशिक्षा अभियान राज्यों की भागीदारी से समयबद्ध समेकित प्रयास द्वारा प्रारम्भिक शिक्षा को जनजन तक पहुंचाने सम्बन्धी चिर अभिलाषित लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक ऐतिहासिक प्रयास है। सर्व शिक्षा अभियान जिससे देश के प्रारम्भिक शिक्षा क्षेत्र में बदलाव लाने की अपेक्षा की गयी है का उद्देश्य 2010 तक 6–14 वय वर्ग के सभी बच्चों को उपयोगी तथा कोटिपरक प्रारम्भिक शिक्षा प्रदान करना है।

सर्वशिक्षा अभियान स्कूल पद्धति के कार्य निष्पादन में सुधार तथा समुदाय आधारित कोटिपरक प्रारम्भिक शिक्षा को मिशन रूप में प्रदान करने सम्बन्धी जरूरत को पूरा करने का एक प्रयास है। इस कार्यक्रम में स्त्री पुरूष असमानता तथा सामाजिक अन्तर को समाप्त करने की परिकल्पना भी की गयी है। शिक्षा के क्षेत्र में इस योजना में नीचे अर्थात ग्राम व बस्ती के स्तर से तैयारकी गयी योजनाओं को विकास खण्ड स्तर पर समेकित कर जिला स्तरीय योजना प्रस्तावित की गयी है।

सर्व शिक्षा अभियान के उद्देश्य :-

- सभी बच्चों के लिये वर्ष 2003 तक स्कूल शिक्षा गारण्टी केन्द्र वैकल्पिक स्कूल, बैक टू स्कूल शिविर की उपलब्धता।
- सभी बच्चे वर्ष 2007 तक पांच वर्ष की प्राथमिक शिक्षा पूर्ण कर लें।
- सभी बच्चे 2010 तक 8 वर्ष की स्कूली शिक्षा पूर्ण कर लें।
- संतोष जनक कोटि की प्रारम्भिक शिक्षा जिसमें जीवनोपयोगी शिक्षा को विशेष महत्व दिया गया है पर बल देना।
- बालक–बालिका असमानता तथा सामाजिक वर्ग भेद की 2007 तक प्राथमिक स्तर पर, वर्ष 2010 तक प्रारम्भिक स्तर पर समाप्त करना।
- वर्ष 2010 तक सभी बच्चों को स्कूल में बनाये रखना।
- बच्चों को नैतिकता से परिपूर्ण मूल्यपरक शिक्षा प्रदान करना।

जनपद स्तर पर नियोजन प्रक्रिया :-

प्राथमिक शिक्षा के सार्वभौमिकरण के लक्ष्य की प्राप्ति योजना क्रियान्वयन में समुदाय की सहभागिता एवं

विभिन्न स्तरीय अनुश्रवण पर निर्भर करती है। जब तक समुदाय शिक्षा के विभिन्न बिन्दुओं को आत्मसात नहीं करता प्राथमिक शिक्षा के सार्वभौमिकरण का लक्ष्य पूर्ण नहीं हो सकता। ग्राम सामुदायिक सहभागिता के बिना, विकेन्द्रीकरण के माध्यम सेपंचायती राज संस्थाओं एवं अन्य समूहों द्वारा प्राथमिक शिक्षा का लक्ष्य प्राप्त नहीं हो सकता।

प्रोजेक्ट पूर्व की क्रियायें जनपद में प्रारम्भ हो चुकी है। जिससे कि समुदाय की सहभागिता प्लान के क्रियान्वयन में सुनिश्चित हो सके तथा बस्ती स्तर पर शिक्षा की स्थिति व गुणवत्ता में सुधार किया जा सके।

सर्व शिक्षा अभियान(2001-2002)

नियोजन आरेख



नियोजन के लिए कोर समूहों (Coure Groups) का निर्माण

जनपद कोर समूह :-

जनपद में जिला कोर समूह बनाया गया जिसका अध्यक्ष जिलाधिकारी तथा संयोजक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी है, जिला कोर समूह के अन्य सदस्य निम्न प्रकार है :-

- डायट प्राचार्य
- जिला विद्यालय निरीक्षक
- जिला समाज कल्याण अधिकारी
- श्रम आयुक्त
- उपबेसिक शिक्षा अधिकारी
- गैर सरकारी स्वयंसेवी संगठनों के पदाधिकारी

जिला कोर समूह की जनपद में बैठक कर ब्लाक तथा बस्ती कोर ग्रुप बनाने हेतु विचार विमर्श किया गया।

ब्लाक स्तरीय कोर समूह :-

ब्लाक स्तर पर कोर समूह में निम्नलिखित सदस्य रखे गये ।

- खण्ड विकास अधिकारी अध्यक्ष
- सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिव
- प्रति उपविद्यालय निरीक्षक सदस्य
- सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) सदस्य
- सहायक विकास अधिकार (सांख्यकी) सदस्य
- दो ग्राम प्रधान सदस्य
- गैर सरकारी स्वयंसेवी संगठनों के पदाधिकारी
- चार प्रधानाध्यापक (प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक स्तर के)

ग्राम स्तरीय कोर ग्रुप :-

ग्राम स्तरीय कोर ग्रुप में निम्नलिखित सदस्य रखे गये ।

- प्राथमिक विद्यालय और उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक/प्रधानाध्यापिकायें।
- ग्राम शिक्षा समिति का अध्येक्ष
- युवक मंगल दल का अध्यक्ष
- महिला मंगल दल की अध्यक्षा
- आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री
- स्वास्थ्य कार्यकर्ता

सर्व शिक्षा अभियान जिला उधमसिंह नगर में एक चुनौती के रूप में स्वीकार किया ह। जिले की आवश्यकताओं के अनुकूल योजना का निर्माण करने पर अधिकाधिक लक्ष्यों की प्राप्ति हो सकती है। जनपद स्तर पर जनपदीय कोर ग्रुप ब्लाक स्तर पर ब्लाक कोर ग्रुप तथा ग्राम स्तर पर ग्राम कोर ग्रुप की बैटकें आयोजित की गयी। विभिन्न स्तरों पर आयोजिक बैठक/सेमिनार एवं कार्यशालाओं का विवरण निम्नलिखित है :

क्र.सं.	दिनांक	स्थान	प्रतिभागी	बैठक/सेमिनार/कार्यशाला का विवरण
1	05.07.2001 से 07.07.2001	रूलेक कार्यालय देहरादून (उत्तरांचल)	जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी/प्रा.डायट उप बेसिक शिक्षा अधिकारी, ए.बी.एस. ए.,एस.डी. आई. डायट के प्रवक्ता गण डायट के कनिष्ट प्रवक्ता	1. सर्व शिक्षा अभियान लक्ष्य एवं उद्देश्य 2. सर्व शिक्षा अभियान के लिये निर्धारित मानको के सन्दर्भ में विस्तृत परिचर्चा 3. सर्वेक्षण कार्य एवं सर्व शिक्षा अभियान के प्रथम चरण मे किये जाने वाले कार्यो की परिचर्चा 4. प्री प्रोजेक्ट क्रिया कलापो पर पूर्ण चर्चा।
क्र.सं.	**दिनांक**	**स्थान**	**प्रतिभागी**	**बैठक/सेमिनार/कार्यशाला का विवरण**
2.	24.07.2001	जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय,रूदपुर उधमसिंह नगर	डिप्टी बी.एस.ए. ए.बी.एस. ए. एस.डी.आई. बी.आर.सी. एन.पी.आर सी समन्वयक	1. सर्व शिक्षा अभियान लक्ष्य एवं उद्देश्यों पर परिचर्चा 2. सर्वेक्षण कार्य की विस्तृत चर्चा 3. प्री प्रोजेक्ट क्रियाकलापों की परिचर्चा 4. नियोजन हेतु आवश्यक एवं निर्धारित सूचनाओं के सकलन की आवश्यक जानकारियां।
3.	04.08.2001 एवं 05.08.2001	सम्बन्धित ब्लाको के बी.आर.सी. के सभागार में	ए.बी.एस.ए. S.D.I.,BRC समन्वयक NPRC समन्वयक प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक VEC के अध्यक्ष	1. सर्व शिक्षा अभियान के लक्ष्य एवं उद्देश्यों पर परिचर्चा 2. सर्वेक्षण कार्य पर परिचर्चा 3. समुदायकी सहभागिता पर परिचर्चा 4. लिंग, जाति तथा धर्म के आधार पर बच्चों को विद्यालय में पंजीकृत कराने के विषय पर परिचर्चा
4.	06.08.2001	डायट भीमताल	जिला उप बेसिक शिक्षा अधिकारी स.बे.शि.अ. प्रति उप.	सर्व शिक्षा अभियान को जन-जन तक पहुचाने हेतु पर्याप्त प्रचार-प्रसार एवं ग्राम सर्वेक्षण पर परिचर्चा

			वि.नि. प्राचार्य डायट प्रवक्ता एवं वरिष्ठ प्रवक्ता डायट, बी. आर. सी. समन्वयक	
5.	14.08.2001 17.08.2001 20.08.2001 22.08.2001 (न्याय पंचायत स्तरीय)	सन्बन्धित NPRC के सभागार में	प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, अध्यापक NPRC समन्वयक VEC के सदस्य	1. सर्व शिक्षा अभियान के लक्ष्य एवं उद्देश्यों पर परिचर्चा 2. सर्वेक्षण कार्य पर परिचर्चा 3. समुदाय की सहभागिता पर चर्चा 4. बालिका शिक्षा के महत्तव पर चचा।
क्र.सं.	**दिनांक**	**स्थान**	**प्रतिभागी**	**बैठक/सेमिनार/कार्यशाला का विवरण**
6.	28.8.2001से 01.09.2001 04.9.2001से 09.09.2001 तथा 01.09.2001 से 15.9.2001 (राज्य स्तरीय)	NSDART लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी मसूरी	बेसिक शिक्षा अधिकारी उ.जि.बे.शि.अधिकारी स.बे.शि. अधिकारी डायट प्रवक्ता प्रधानाचार्य रा.इ. कालेज शिक्षा, विभाग के सेवा नि. अधिकारी एस. डी. आई.	1. उत्तरांचल में सर्व शिक्षा अभियान पर परिचर्चा 2. सभी के लिये शिक्षा नया पाठ्यक्रम पर चर्चा 3. पर्सपैक्टिव प्लान बनाने का तरीका तथा क्रियाविधि पर परिचर्चा 4. पर्सपैक्टिव प्लान बनाने में सैड्यूलिंग एवं सिक्वैंसिंग 5. SSA में समुदाय की सहभागिता तथा माइक्रोप्लानिंग पर विस्तृत परिचर्चा 6. समस्याओं के चिन्हीकरण पर परिचर्चा 7. मैनजमेंट इन्फार्मेशन सिस्टम (MIS) एवं आंकड़ो के विश्लेषण पर चर्चा
7	24.9.2001से 26.9.2001	जनपद के प्रत्येक विकासखण्ड सभागार	एन.पी.आर.सी. व बी.आर.सी. समन्वयक B.D.O. ब्लाक प्रमुख ग्राम प्रधान एवं समुदाय के व्यक्ति जिसमें महिलायें सम्मिलित हैं।	सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत समुदाय के सहयोग एवं प्रतिभागिता के साथ लक्ष्य एवं उद्देश्यों की जानकारी पर चर्चा तथा ग्राम सर्वेक्षण की जानकारी शिक्षा की गुणवत्ता के स्तरोन्नयन के लिये समुदाय की सहभागिता पर विचार।

क्र.सं.	दिनांक	स्थान	प्रतिभागी	बैठक/सेमिनार/कार्यशाला का विवरण
8.	23.10.2001	जिलाधिकारी सभागार उधमसिंहनगर	माननीय सांसद माननीय विधायक माननीय क्षेत्रप्रमुख माननीय नगर प्रमुख माननीय जिलाधिकारी ना.जि.कार्यक्रम अधिकारी मा.जिला वि. निरीक्षक मा. समाज कल्याण अधि. मा. प्राथमिक वि. के शिक्षक स्वयं सेवी संगठन,पंतनगर ग्राम प्रधान उ.प्राथमिक वि. के शिक्षक जि.ब.शि. अ. उप.ज.शि.अ. स.ब.शि.अ. प्रति उ.शि.अ.	कार्यक्रम का उद्घाटन माननीय जिलाधिकारी जनपद उधमसिंह नगर द्वारा किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी मसूरी के एन.एस.डार्ट से आये विशेषज्ञ श्री एच.सी. पोखरियाल तथा राज्य परियोजना निदेशालय देहरादून से आये श्री एम.एस.बिष्ट, व श्री आर्या द्वारा सर्व शिक्षा अभियान के उद्देश्यों की चर्चा करते हुये कार्यशाला में आये विशेषज्ञों द्वारा जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों से प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्तर की समस्याओं व उनके निराकरण की जानकारी ली गई, जिस पर जनप्रतिनिधियों से पूर्ण विचार विमर्श हुआ। इस प्रकार जनप्रतिनिधियों ने योजना तैयार करने की रणनीति व प्राथमिकता देने विषय पर हुयी कार्यशाला को एक सराहनीय चरण बताया।

9.दिनांक 29 व 30 अक्टूबर को जनपद उधमसिंह नगर का पर्स पैक्टिव प्लान तैयार कर कुल 92 करोड़ 92 लाख 38 हजार का बजट का प्राविधान हुआ। जिसे सर्व शिक्षा अभियान प्रकोष्ठ देहरादून में पुनरीक्षण हेतु प्रस्तुत किया गया। पुनरीक्षण के दौरान पाया कि कतिपय बिन्दुओं जैसे स्वास्थ्य परीक्षण, ई.जी.एस. केन्द्र व अन्य पर पुनर्विचार के उपरान्त एक सप्ताह के भीतर पर्स पैक्टिव प्लान प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित है।

डाटा बेस का विकास - परिवार सर्वेक्षण

स्कूल जाने वाले बच्चे, स्कूल न जाने वाले बच्चों एवं बच्चों द्वारा किये जाने वाले कार्य का विवरण एवं परिवार की पृष्ठभूमि प्राथमिक शिक्षा के सार्वभौमिकरण के नियोजन (प्लानिंग) के लिये अति आवश्यक है। इससे स्कूल न जाने वाले बच्चों को स्कूल लाने के लिये रणनीति तय करने में आसानी होती है।

अतः परिवार सर्वेक्षण की योजना बनाई गयी तथा बाल गणना के रूप में यह कार्य मई 2001 में पूर्ण किया गया। आवश्यक जानकारी बाल गणना प्रपत्र एवं फैमिली शीट में संग्रहित की गयीं सूचना में, बाल शिक्षा, नामांकन, शैक्षिक समस्यायें,, ड्राप आउट, बच्चों का स्कूल से बाहर रहने का कारण, विकलांगता का प्रकार सामाजिक स्थिति संग्रहित की गयी।

प्रशिक्षण एवं धारण क्षमता संवर्द्धन :-

जिला स्तरीय कोर ग्रुप का राज्य स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ इस कोर टीम ने ब्लाक स्तरीय कोर टीम को प्रशिक्षित किया। ब्लाक स्तरीय कोर टीम ने न्याय पंचायत स्तर पर बैठक आयोजित कर विभिन्न ग्राम स्तरीय कोर टीमों को प्रशिक्षित किया।

परिवार सर्वेक्षण माह मई में सभी ग्रामो/ बस्तियों में करायी गयी जिसकी अनुश्रवण ब्लाक कोर ग्रुप ने किया। ग्राम कोर समूह ने स्कूल से बाहर के बच्चों जिनमें ड्राप आउट एवं ऐसे बच्चे शामिल है जिनका स्कूल में कभी नामांकन नहीं हुआ की सूचियां तैयार की। इनकी जांच कराकर बी.आर.सी.में सुरक्षित रखा गया है।

समुदाय की सहभागिता एवं ग्राम पंचायतें को प्रभावी बनाने के लिये प्रारम्भिक क्रियाकलाप

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में उनके निर्देशानुसार विकास खण्ड वार समस्त ब्लाक प्रमुख, ग्राम प्रधान, वार्ड सदस्य, समस्त विकास खण्ड अभिकर्मियों, बी.आर.सी. एन.पी.आर.सी. समन्वयकों की एक गोष्ठी आयोजित कर सर्वशिक्षा अभियान के उद्देश्यों की व्याख्या करते हुए इसे क्रियान्वित किये जाने हेतु समुदाय की सहभागिता किए जाने का आहवान किया गया। इसी प्रकार न्याय पंचायत स्तर पर ग्राम शिक्षा समिति के सदस्यों एवं ग्राम प्रधानों को पुनः प्रेरित किया गया है कि प्रारम्भिक शिक्षा के क्षेत्र में समुदाय की सहभागिता ली जानी आवश्यक है। ताकि वे विद्यालय के प्रति अपना उत्तदायित्व का अनुभव कर विद्यालय को अपना समझें।

क्रमबद्ध गोष्ठियों के आयोजन से यह परिणाम प्राप्त हुआ है कि शिक्षक द्वारा बस्तियों के सर्वेक्षण के समय वास्तविक आंकड़ो को संग्रह करने में सहायता मिली है। जिससे मुख्यतः असेवित्त बस्तियां, विद्यालय न जाने वाले 0 से 14 वय वर्ग के बच्चों की गणना बीच में ही अपनी शिक्षा छोड़ देने वाले बच्चों की संख्या तथा विद्यालयों में शिक्षण कार्य को प्रभावित करने वाली सुविधाऐं यथा, भवन, कक्षा कक्ष, अध्यापक, शौचालय, पेयजल, पाठ्यपुस्तक आदि की सही जानकारी प्राप्त हुई है।

जनपद उधमसिंह नगर 7 विकासखण्ड व 7 नगरपालिकाओं व 8 टाउन एरिया जैसे छोटे–2 समूहों से बना जनपद है। जिससे सर्व शिक्षा अभियान के लिये सम्पूर्ण जनपद को प्रथम चरण में लिया जा रहा है।

अध्याय -4

कार्यक्रम की अवधारणा लक्ष्य एवं उद्देश्य :-

यह सर्वमान्य तथ्य है कि बुनियादी शिक्षा मानव कल्याण विशेषकर जीवन प्रत्याशा, शिशु, मृत्युदर बच्चों का पोषाहार स्तर आदि के स्तर में सुधार करती है। सर्वसुलभ बुनियादी शिक्षा आर्थिक विकास में भी उल्लेखनीय भूमिका निभाती है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 45 में कहा गया है कि –

'राज्य का यह प्रयास होगा कि 6–14 वय वर्ग के सभी बच्चों को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा प्रदान की जायेगी। जिसके लिये राज्य सरकार द्वारा समय समय पर विभिन्न कार्यक्रम लागू किये गये हैं किन्तु आज भी हम इस लक्ष्य की प्राप्ति नही कर पाये हैं। फलस्वरूप सर्व शिक्षा अभियान जैसे कार्यक्रम को पुनः लागू किया जा रहा है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 में निम्नलिखित बातें कही गयी है :–

'यह सुनिश्चित किया जाना चाहिये कि हमारे 21 वीं सदी में प्रवेश करने से पहले 14 वर्ष की आयु के सभी बच्चों को संतोषजनक गुणवत्ता वाली निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा प्रदान की जाय।' इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिये एक राष्ट्रीय मिशन स्थापित किया जायेगा।

उपरोक्त सन्दर्भ में सर्व शिक्षा अभियान प्रारम्भिक शिक्षा को जन–जन तक पहुंचाने सम्बन्धी चिर अभिलाषित लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

इसका लक्ष्य वर्ष 2007 तक 6 से 14 आयु वर्ग के सभी बच्चों को उपयोगी तथा कोटिपरक प्रारम्भिक शिक्षा प्रदान करना हैं। इस कार्यक्रम में स्त्री पुरूष असमानता तथा सामाजिक अन्तर को समाप्त करने की परिकल्पना भी की गयी है।

संस्थागत सुधार :-

सर्व शिक्षा अभियान में संस्थागत सुधार किये जायेंगे। इसमें जनपद उधमसिंह नगर में शैक्षिक प्रशासन, स्कूलों में उपलब्धि स्तर, वित्तीय मामले, विकेन्द्रीकरण, तथा सामुदायिक स्वामित्व मानीटरिंग तथा मूल्यांकन लड़कियों अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा सुविधाविहीन वर्गो के लिये शिक्षा, निजी स्कूलों, स्कूल गांरटी केन्द्रो तथा वैकल्पिक स्कूलों को तर्कसंगत बनाना भी शामिल है।

सतत वित्त पोषण :-

जनपद स्तर पर सर्व शिक्षा अभियान द्वारा प्राम्भिक शिक्षा का वित्त पोषण सतत जारी रखा जायेगा।

सामुदायिक स्वामित्व :-

इस कार्यक्रम के लिये प्रभावी विकेन्द्रीकरण के जरिए स्कूल आधारित कार्यक्रमों व सामुदायिक स्वामित्व की व्यवस्था की गयी है। महिला समूह, ग्राम शिक्षा समितियों के सदस्यों और पंचायती राज संस्थाओं के सदस्यों को शामिल करके इस कार्यक्रम को जिलों में संचालित किया जायेगा।

संस्थागत क्षमता निर्माण :-

विभिन्न स्तरों पर संस्थागत क्षमता निर्माण हेतु प्रशिक्षण की परिकल्पना सर्व शिक्षा अभियान में की गयी है। प्रदेश स्तर पर प्रशिक्षण प्राप्त व्यक्तियों द्वारा जिला स्तर ब्लाक स्तर तथा बस्ती स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर क्षमता निर्माण की संकल्पना इस कार्यक्रम में की गयी है। इसके लिये विशेषज्ञों की स्थाई सहयोग वाली टीम का गठन आवश्यक है।

पूर्ण पारदर्शिता युक्त सामुदायिक मॉनीटरिंग :-

मानीटरिंग हेतु समुदाय आधिारित पद्धति अपनाई जा रही है। शैक्षिक प्रबन्ध, सूचना पद्धति, माइक्रो प्लानिंग और सर्वेक्षण से समुदाय आधारित सूचना के साथ स्कूल स्तरीय आंकड़ो का सम्बन्ध स्थापित करना इसमें शामिल है। इसके अतिरिक्त प्रत्येक स्कूल एक नोटिस बोर्ड रखेगा, जिसमें स्कूल द्वारा प्राप्त किये गये सारे अनुदान और अन्य ब्यौरे दिये जायेगें।

आयोजना इकाई के रूप में बस्ती :-

सर्व शिक्षा अभियान नियोजन की इकाई के रूप में बस्ती के साथ योजना बनाते हुए समुदाय आधारित दृष्टिकोण पर कार्य करता है। बस्ती योजनायें जिला की योजनाओं तैयार करने का आधार है।

समुदाय के प्रति जवाबदेही :-

सर्व शिक्षा अभियान में शिक्षकों, अभिभावको और पचायती राज संस्थाओं के बीच सहयोग जवाबदेही एवं पारदर्शिता की परिकल्पना की गयी है।

बालिका शिक्षा एवं विशेष समूहों पर ध्यान :-

लड़कियों, विशेषकर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की लड़कियों की शिक्षा अभियान का एक

प्रमुख लक्ष्य है। इसके अतिरिक्त अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति धार्मिक एवं भाषाई अल्पसंख्यकों तथा वंचित वर्गो के बच्चों की शैक्षिक सहभागिता पर विशेष ध्यान दिया गया है।

शिक्षकों की भूमिका :-

सर्व शिक्षा अभियान में शिक्षकों की भूमिका एवं उनकी विकास सम्बन्धी आवश्यकताओं पर ध्यान दिया जायेगा। ब्लाक संसाधन केन्द्र एवं न्याय पंचायत संसाधन केन्द्रो की स्थापना (जहां पहले से बी.आर.सी./एन.पी. आर. सी. स्थापित नहीं है या एन.पी.आर.सी. की और आवश्यकता है) योग्य शिक्षकों की नियुक्ति पाठ्यक्रम से सम्बन्धित सामग्री के विकास, शिक्षकों के एक्सपोजर दौरे तथा शिक्षकों के बीच मानव संसाधन को विकसित करने के उद्देश्य से तैयार किये जायेंगे।

पुस्तकालय की व्यवस्था :-

सर्व शिक्षा अभियान के तहत प्रत्येक जनपद में एक पुस्तकालय ब्लाक स्तर पर एक पुस्तकालय तथा बस्ती स्तर पर प्रत्येक प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय में लर्निंग कार्नर की व्यवस्था प्रस्तावित है। जहां पुस्तकालय स्थापित नहीं हो सकेंगे वहां मोबाइल पुस्तकालय द्वारा बच्चों की पुस्तकें उपलब्ध करायी जायेगी।

सर्व शिक्षा अभियान के उद्देश्य :-

- सभी बच्चों के लिये वर्ष 2003 तक स्कूल, शिक्षा गांरटी केन्द्र, वैकल्पिक स्कूल, बैक टू स्कूल शिविर की उपलब्धता सुनिश्चित करना।
- सभी बच्चों को वर्ष 2007 तक कक्षा पांच तक की प्राथमिक शिक्षा पूर्ण कराना।
- सभी बच्चों को वर्ष 2010 तक कक्षा आठ तक की स्कूल शिक्षा पूर्ण कराना।
- संतोषजनक कोटि की प्रारम्भिक शिक्षा जिसमें जीवनोपयोगी शिक्षा को विशेष महत्व दिया गया हो, पर बल देना।
- लैंगिक असमानता तथा सामाजिक वर्ग भेद को 2007 तक प्राथमिक स्तर पर तथा वर्ष 2010 तक प्रारम्भिक स्तर पर समाप्त करना।
- वर्ष 2010 तक सभी बच्चों को स्कूल में बनायें रखना।

जनपद स्तर पर सर्व शिक्षा अभियान के लक्ष्य :-

- जनपद के 6–14 वय वर्ग के प्रत्येक बच्चें को 2010 तक अनिवार्य रूप से कक्षा 8 तक स्कूली शिक्षा पूर्ण कराना।
- जनपद में प्राथमिक शिक्षा के विकास में समुदाय की अधिकतम सहभागिता प्राप्त कर उन्हें प्राथमिक शिक्षा से जोड़ना तथा विद्यालय व्यवस्था में समुदाय की जिम्मेदारी तय करना।
- बालिकाओं तथा वंचित वर्ग (अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के बच्चों एवं विशिष्ठ बस्तियों के बच्चों) की शिक्षा हेतु विशेष वातावरण का सृजन कर शत प्रतिशत नामांकन एवं ठहराव की अवधारणा को प्राप्त करना।
- विशिष्ट बस्तियों जैसे जनजाति, वन क्षेत्र के बच्चों हेतु शिक्षा गारंटी योजना के अंतर्गत शिक्षा केन्द्र, इनोवेटिव वैकल्पिक विद्यालयो की स्थापना करना।
- विकलांग बच्चों हेतु आवासीय विद्यालय की स्थापना कर उनको प्राथमिक शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ना।
- विभिन्न वर्गो के बालक–बालिका में असमानता तथा सामाजिक वर्ग भेद को समाप्त करना।
- जनपद उधमसिंह नगर में 6–11 आयु वर्ग के कुल 13987 बच्चों जो कि प्राथमिक शिक्षा से वंचित रह गये हैं उन्हें शिक्षा प्रदान करने हेतु 30 प्राथमिक, 76 शिक्षा गारण्टी केन्द्रो की स्थापना का लक्ष्य रखा गया है।
- उक्त की भांति जनपद में 11–14 आयु वर्ग के कुल 7904 बच्चों के लिये मानक अनुसार 24 बस्तियों में उच्च प्राथमिक विद्यालयों की स्थापना का लक्ष्य है।
- जनपद में ध्वस्त तथा भवनहीन प्राथमिक विद्यालयों के लिये 26 भवन पुन र्निमाण हेतु प्रस्तावित हैं।
- छात्र नामांकन के आधार पर 307 अतिरिक्त कक्षा कक्षों का निर्माण प्रस्तावित है।
- प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्तर पर कुल 316 विद्यालय भवनों में मरम्मत की जानी है।
- चाहरदीवारी के अंतर्गत 238 प्राथमिक तथा 70 उच्च प्राथमिक विद्यालयों में चाहरदीवारी का लक्ष्य रखा गया है।
- 3–6 वय वर्ग के बच्चों हेतु 250 पुराने केन्द्रो को गोद लेने का लक्ष्य भी है।
- समुदाय की सहभागिता हेतु 01 लाख व्यक्तियों/अभिभावको/पितृ शिक्षक संघ/मातृ शिक्षक संघ के सदस्यों को प्रेरित करने हेतु प्रशिक्षण की व्यवस्था की है।

अध्याय -5

समस्याऐं एवं उनके निराकरण हेतु प्रस्ताव

जनपद उधम सिह नगर जनसंख्या की दृष्टि से उत्तरांचल का एक वृहद जनसंख्या वाला जनपद है। यहां विभिन्न जातिवर्ग के लोग निवास करते हैं। वर्ष 1991 की जनगणना के अनुसार इस जनपद की जनसंख्या कुल 914569 थी वर्ष 2000–2001 में कुल जनसंख्या बढ़कर 1234548 हो गई। वर्ष 1991 में जनपद की साक्षरता 49.28 थी बेसिक परियोजना संचालित होने से 2000–2001 में साक्षरता दर 65.76 प्रतिशत हो गई। बेसिक शिक्षा परियोजना से छात्र नामांकन एवं ठहराव बढ़ा है। परन्तु अपेक्षित सुधार नहीं हो पाया है। जनपद की सामाजिक स्थिमि शिक्षा के विकास के लिए उत्तरदायी है। बेसिक शिक्षा के सार्वभौमिकरण के लिए सर्व शिक्षा अभियान एक क्रान्तिकारी प्रयास है जिससे लक्ष्य प्राप्ति में विद्यमान समस्यायें एवं उनके निराकरण का पूर्ण प्रयास किया गया है।

1-पहुंच :-

(अ) प्राथमिक स्तर की सुविधा :-

जनपद उधम सिंह नगर में कुल 336 ग्राम पंचायतों के अन्तर्गत राजस्व ग्राम 808 बस्तियां तथा 270 वार्ड स्थित हैं। जिसकी सम्पूर्ण जनसंख्या ग्रमीण में 831407 नगर में 403141 है। नवीनतम सर्वेक्षण के आधार पर जनपद में 32 बस्तियां ऐसी है जो मानक के आधार पर प्राथमिक सुविधा से वंचित रह गयी हैं। जिन्हें प्राथमिक शिक्षा के सेवित करने के लिए सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत 30 नवीन विद्यालय खोलने हेतु प्रस्तावित किया जा रहा है। शेष 10 बस्तियों में शिक्षा गारण्टी स्कूलों की स्थापना का लक्ष्य है।

क्र.स.	विकास खण्ड	कुल बस्तियों की संख्या	300 की आबादी तथा 1 किमी. से अधिक दूरी वाले प्रा. वि. असेवित बस्तियों की सं.	प्रस्तावित प्राथमिक वि.	
				2002-2003	2003-2004
1	2	3	4	5	6
1	जसपुर	108	01	1	–
2.	काशीपुर	112	03	2	01
3.	बाजपुर	135	02	1	01
4.	गदरपुर	208	02	1	01
5.	रूद्रपुर	98	04	1	01
6.	सितारगंज	232	20	2	08
7.	खटीमा	175	08	2	03
	योग	1068	40	10	15

(ब)शिक्षा गारण्टी केन्द्रों का उच्चीकरण (अपग्रेडेसन)

शिक्षा गारण्टी योजनान्तर्गत जनपद उधम सिंह नगर में कुल 76 ऐसी बस्तियां है जहां मानक अनुसार प्राथमिक विद्यालय की स्थापना नहीं की जा सकती है। जिनके लिये शिक्षा गारण्टी केन्द्र स्थापित किये जाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इन केन्द्रो पर प्रति केन्द्र अनुमानतः 10 से 20 तक छात्र संख्या हो सकती है। इन बस्तियों की जनसख्यां से ऐसा अनुभव हो रहा है कि जनसख्या वृद्धि के फलस्वरूप शिक्षा गारण्टी केन्द्रो का प्राथमिक स्तर पर उच्चीकरण किया जाना आवश्यक होगा, जिसके फलस्वरूप वर्ष 2004–5 में कुल 05 शिक्षा गारन्टी स्कूलों को प्राथमिक विद्यालयों का स्तर प्रदान किया जायेगा। इस प्रकार प्राथमिक स्तर तक की शिक्षा सुविधा उपलब्ध कराने के लिये वर्ष 2001–02 से वर्ष 2006–7 तक कुल 30 नवीन प्राथमिक विद्यालय तथा 76 शिक्षा गारण्टी स्कूलों की स्थापना का लक्ष्य रखा गया है।

(स) उच्च प्राथमिक स्तर की सुविधा :-

उच्च प्राथमिक स्तर की सुविधा से वंचित अभी कुल 24 बस्तियां ऐसी है जहां मानक अनुसार 3 कि.मी. दूरी तथा 800 की जनसंख्या पर किसी भी प्रकार की मान्यता प्राप्त शिक्षा सुविधा उपलब्ध नहीं है। जिनके लिये 14 उच्च प्राथमिक विद्यालयों की स्थापना का लक्ष्य में से वर्ष 2002–03 में 7 शेष 07 वर्ष 2003–04 के लिये रखा गया है। शेष 10 बस्तियों के लिये उच्च प्राथमिक स्तर की सुविधा प्रदान करने के लिये आगामी वार्षिक कार्य योजना तैयार करते समय विचार किया जायेगा।

कुल बस्ती एवं विकास खण्डवार प्रा0 वि0 एवं पूर्व मा0 वि0 से असेवित बस्ती विवरण

क्र.स.	विकास खण्ड	कुल बस्ती	प्राथमिक वि0 से असेवित बस्ती	पूर्व माध्यमिक वि0 से असेवित बस्ती
1	2	3	4	5
1.	जसपुर	108	01	02
2.	काशीपुर	112	03	03
3.	बाजपुर	135	02	06
4.	गदरपुर	208	02	02
5.	रूद्रपुर	98	04	02
6.	सितारगंज	232	20	02
7.	खटीमा	175	08	07
	योग	1068	40	24

शिशु शिक्षा केन्द्र :-

भारत सरकार ने विचारोपरान्त यह निर्णय लिया कि प्राथमिक शिक्षा की कक्षाओं के पाठ्यक्रम से पूर्व यदि तीन से छः वय वर्गो के बच्चों को खेल, खिलौने, चार्ट, माडल आदि की सहायता से शैक्षिक वातावरण उपलब्ध किया जाय तो इससे जहां एक ओर शिशु शिक्षा के प्रति रूचिकर रहेगा वहां दूसरी ओर इन शिशुओं की देखभाल करने वाले 6–14 वय वर्ग के बच्चों को जो इस कारण विद्यालय छोड़ देते हैं को नियमित विद्यालयी शिक्षा से जोड़ा जा सकता है। वर्तमान में जिला कार्यक्रम विभाग द्वारा 3 से 6 वय वर्ग के बच्चों हेतु आंगनवाड़ी केन्द्र स्थापित किये गये हैं किन्तु यह योजना जनपद उधमसिंह नगर के 4 विकास खण्डों में ही संचालित है अतः सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत सभी विकासखण्डों में आंगनवाड़ी केन्द्र खोलने का लक्ष्य प्रस्तावित किया जा रहा है।

क्र.स.	विकास खण्ड	3–6 वय वर्ग के बच्चों की सं.	जिला कार्यक्रम विभाग द्वारा संचालित केन्द्र सं.	संचालित केन्द्रो में बच्चों की सं. नर्सरी कक्षाओं में पंजीकृतस.	3–6 वय वर्ग के शेष बच्चे	सर्व शिक्षा अभियान के तहत प्रस्तावित केन्द्रो की संख्या			
						2002-2003	2003-2004	2004-2005	2005-2006
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1.	जसपुर	10798	–	1794	9004	–	–	–	–
2.	काशीपुर	7007	–	1169	3837	–	–	–	–
3.	बाजपुर	9240	80	2324	6916	10	10	15	10
4.	गदरपुर	7331	104	2101	5230	20	20	15	10
5.	रूद्रपुर	8610	–	1380	7230	–	–	–	–
6.	सितारगंज	10721	137	5279	5442	20	20	20	10
7.	खटीमा	11782	98	5480	6302	20	20	20	10
8.	नगरक्षेत्र	6333	–	1307	5026	–	–	–	–
	योग	71822	419	20834	5088	70	70	70	40

पूर्व माध्यमिक स्तर पर शिक्षा सुविधा :-

जनपद उधम सिंह नगर में वर्तमान सर्वेक्षण के आधार पर कुछ बस्तियां ऐसी छूट गयी हैं जिनमें मानक के आधार पर पू. मा. विद्यालय नहीं हैं। यद्यपि बसिक शिक्षा परियोजना के अन्तर्गत असेवित बस्तियों को सेवित करने का प्रयास किया गया परन्तु कुछ बस्तियों मे हुई अचानक जनसख्या वृद्धि के कारण से बस्तिया पू. मा. शिक्षा सुविधा से वंचित रह गयी हैं अत: सर्व शिक्षा अभियान के दौरान इन असेवित बस्तियों में पू. मा. वि. खोलने का लक्ष्य प्रस्तावित किया जा रहा है ।

क्र.स.	विकास खण्ड	कुल बस्तियों की संख्या	वर्तमान में पू. मा.वि. से सेवित बस्तियों की संख्या	800 की आवादी तथा निकटतम विद्यालय से 3 किमी. की दूरी वाले बस्तियों की संख्या	प्रस्तावित पूर्व मा. विद्यालय	
					2002-2003	2003-2004
1	2	3	4	5	6	7
1.	जसपुर	100	98	02	01	01
2.	काशीपुर	112	109	03	01	01
3.	बाजपुर	114	108	06	01	01
4.	गदरपुर	150	148	03	01	01
5.	रूद्रपुर	106	102	04	01	01
6.	सितारगंज	106	103	03	01	01
7.	खटीमा	120	116	04	01	01
	योग	808	784	25	17	07

2-नामांकन :-

नवीनतम सर्वेक्षण के आधार पर जनपद उधम सिंह नगर में 6-11 वय वर्ग के बालक बालिकाऐं कुल 172112 है। जिनमें से 89468 बालक 74712 बालिकायें कुल 164180 बच्चे विभिन्न प्रकार के विद्यालयों में पंजीकृत हैं। शेष बालक 2051 बालिका 5881 कुल 7932 बच्चे निम्न कारणों से अध्ययन नहीं कर रहें हैं ।

गरीबी :

गरीबी के कारण जनपद उधम सिंह नगर में लगभग 4759 बच्चे विद्यालयों में पजींकृत नहीं है।

बच्चों की देखभाल :

वर्तनान सर्वेक्षण के आधार पर पाया गया है कि जनपद में छोटे बच्चों की देखभान करने के लिए बालक. 80 बालिकाऐं 713 कुल 793 विद्यालयी सुविधा होते हुए भी विद्यालयों में नामांकित नहीं हो पाये है।। जिन्हें सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत नामांकित करने का लक्ष्य रखा गया है।

मां–बाप का अशिक्षित होना :

मां–बाप के अशिक्षित होने के कारण भी निर्धारित आयु के बच्चे विद्यालयों में नामांकित नहीं हो पाते हैं। वर्तमान गणना के अनुसार जनपद में 192 बालक 203 बालिका अभी भी नामांकन के बिना रहे हैं।

सामाजिक कुरितियां :

जनपद उधमसिंह नगर में मुस्लिम बाहुल्य वाले क्षेत्र में स्थापित मकतब व मदरसे जो केवल धार्मिक स्तर की शिक्षा देते हैं प्रारम्भिक शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। जनपद में इस समय 25 ऐसी बस्ती/वार्ड है जिनमें लगभग 750 बच्चे प्रारम्भिक शिक्षा ग्रहण नहीं कर पा रहे हैं।

बस्ती से विद्यालय का दूर होना :

उक्त के अतिरिक्त विद्यालयों में 1245 बच्चों का नामांकित न होने का कारण यह है कि बस्ती से प्राथमिक विद्यालय की दूरी 1 किमी. से अधिक तथा पूर्व मा. वि. तीन किमी. से अधिक है। इनके लिये मानक के अनुसार विद्यालय प्रस्तावित किये जा रहे हैं।

उपरोक्त समस्याओं के निराकरण हेतु मानक अनुसार विद्यालयों की स्थापना, शिक्षा गारण्टी योजना, वैकल्पिक शिक्षा योजना, प्रत्येक विद्यालय समिति का प्रतिमाह बैठक होना, समुदाय को शिक्षा के प्रति प्रेरित करना, ग्राम में स्थित युवक मंगल दल, महिला मंगल दल, अभिभावक संघ, मातृ शिक्षक संघ को जागरूक करने का लक्ष्य रखा गया है ताकि सभी बच्चे विद्यालयों/केन्द्रो में नामांकित हो सके ।

तालिका 6–11 वय वर्ग के बच्चों के नामांकन का लक्ष्य

जनपद	कुल 6–11 वय वर्ग के बच्चो की संख्या			जनपद मे 6–11 कुल नामांकित बच्चों की संख्या			नामांकन का लक्ष्य (सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत)		
	बालक	बालिका	योग	बालक	बालिका	योग	2001-2002	2002-2003	2003-2004
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
उधमसिंह नगर	94040	83289	177329	87495	76068	163563	5000	5000	3987

11–14 वय वर्ग के बच्चों के नामांकन का लक्ष्य

जनपद	कुल 11–14 वय वर्ग के बच्चों की संख्या			जनपद मे 11–14 कुल नामांकित बच्चों की संख्या			नामांकन का लक्ष्य (सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत)		
	बालक	बालिका	योग	बालक	बालिका	योग	2001-2002	2002-2003	2003-2004
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
उधम सिंह नगर	42922	38166	81088	39150	34034	73184	3000	3000	1904

पूर्व माध्यमिक स्तर पर भी 11–14 वय वर्ग के 3772 बालक तथा 4132 बालिकाएं कुल 7904 बच्चे, जो उपर्युक्त कारणों से विद्यालयों में पंजीकृत नहीं हो पा रहे हैं के लिये मानक अनुसार विद्यालय प्रस्तावित हैं।

बाल गणना (6-11 वय वर्ग) वास्तविक तथा जनसंख्या वृद्धि दर के आधार पर वास्तविक तथा प्रस्तावित बालगणना

6–11 वर्य वर्ग के बच्चों की अनुमानित बालगणना			
वर्ष	बालक	बालिका	योग
2001–2002	94040	83289	177329
2002–2003	96579	85537	182116
2003–2004	99186	87847	187033
2004–2005	101864	90218	192082
2005–2006	104614	92654	197268
2006–2007	107438	95156	202594

जनसंख्या 1991 तथा 2001 की वृद्धि दर के आधार पर बालगणना 2001–02 को आधार मानकर 2.7 प्रतिशत प्रतिवर्ष वृद्धि के साथ प्रस्तावित बालगणना का आकलन किया गया है।

बाल गणना (11-14 वय वर्ग) वास्तविक तथा जनसंख्या वृद्धि दर के आधार पर वास्तविक तथा प्रस्तावित बालगणना

11–14 वय वर्ग की बालगणना			
वर्ष	बालक	बालिका	योग
2001–2002	42922	38166	81088
2002–2003	44081	39196	83277
2003–2004	45271	40254	85525
2004–2005	46493	41341	87834
2005–2006	47748	42457	90205
2006–2007	49037	43603	92640

जनसंख्या 1991 तथा 2001 की वृद्धिदर के आधार पर बालगणना 2001–02 को आधार मानकर 2.7 प्रतिशत प्रतिवर्ष की वृद्धि के साथ प्रस्तावित बालगणना का आंकलन किया गया है।

3. धारण -

विद्यालय के प्रति ग्राम समुदाय की सक्रिय भागीदारी का अभाव

जनपद उधम सिंह नगर में परिषदी प्राथमिक 649 तथा 180 पूर्व माध्यमिक विद्यालय संचालित हैं इसके अतिरिक्त 26 मान्यता प्राप्त उच्च प्रा0वि0 और 42 राजकीय रा0इ0का0,रा0ए0मा0वि0 एवं 48 मान्यता प्राप्त इ0का0 व हाईस्कूल संचालित हैं। पंचायत राज एक्ट के आधार पर प्रारम्भिक शिक्षा को पंचायतों के अन्तर्गत रखने के लिये ग्राम पंचायत स्तर ग्राम शिक्षा समितियों का गठन किया गया है। बेसिक शिक्षा परियोजना के अन्तर्गत समस्त ग्राम शिक्षा समिति (336) को अभिप्रेरित करने के लिये प्रशिक्षण भी दिया गया किन्तु वांछित सफलता नहीं मिली। ज्ञात हुआ कि एक ग्राम शिक्षा समिति के अन्तर्गत कई विद्यालय संचालित हैं जिसके कारण न तो नियमित बैठके हो पा रही हैं तथा समिति के सदस्य ऐसे भी है जिनका कोई भी बच्चा नहीं पढ़ता है जिससे उनकी अभिरूचि इस ओर सक्रिय नहीं रहती।

निराकरण :

सर्व शिक्षा अभियान में यह निर्णय लिया है कि प्रत्येक विद्यालय शिक्षा समिति का गठन हो तथा अभिभावकों की अधिकाधिक भागीदारी निर्धारित की जाय। P.T.A. तथा M.T.A. का गठन किया जायेगा तथा प्रत्येक विद्यालय में एस.एम.टी.का गठन किया जायेगा इस प्रकार न्याय पंचायत स्तर पर उनके प्रशिक्षण की व्यवस्था की जा रही है।

तालिका

जनपद	कुल ग्राम पंचायत संख्या	कुल विद्यालय संख्या	कुल ग्राम शिक्षा समिति संख्या	प्रस्तावित वि. शिक्षा समिति P.T.A./M.T.A..S.M.C.
उधमसिंह नगर	336	945	336	945

विद्यालय का आकर्षण :

विद्यालय भवन व विद्यालय परिसर स्वच्छ सुन्दर व आकर्षक होने से बच्चों में उनके प्रति रूचि पैदा होती है। और उनका मन विद्यालय में लगा रहता है। समुदाय के लोग भी प्रशंसा करते हैं। जो छात्र भी अच्छा अनुभव करता है। इससे स्पष्ट है कि विद्यालय के सौदर्यीकरण से उसकी धारण क्षमता बढ़ती है। बेसिक शिक्षा परियोजना के अन्तर्गत धारण क्षमता बढ़ाने के लिये रखरखाव व सौन्दर्यीकरण के अन्तर्गत प्राथमिक स्तर पर 2000/. तथा पूर्व प्राथमिक स्तर पर 4000/. प्रति वर्ष प्रति विद्यालय व्यय किया गया ।

निराकरण :

सौन्दर्यीकरण एवं रखरखाव सतत् प्रक्रिया है जिसके कारण सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत इसे स्वीकार कर प्राथमिक स्तर रू. 2000/. तथा पूर्व माध्यमिक विद्यालय स्तर परभी2000/ रूपया प्रति विद्यालय विद्यालय

अनुदान के रूप में किया गया है। इस सन्दर्भ में जनपद उधमसिंह नगर समितिने यह भी निर्णय लिया है कि रखरखाव व सौन्दर्यीकरण का कार्य माह अक्टूबर में किया जाय।

जनपद का नाम	वि. अनुदान हेतु वि.शि. प. के अन्तर्गत स्वीकृत किया सं.			विद्यालय अनुदान हेतु सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत प्रस्तावित वि. संख्या (प्राथमिक एवं पर्व माध्यमिक स्तर)						
	प्राथमिक	पू.मा.	योग	2001-02	2002-03	2003-04	2004-05	2005-06	2006-07	
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	
उधमसिंह नगर	649	296	945	871	905	938	960	965	965	

विद्यालय छात्र समितियों का गठन :-

यह अनुभव किया जा रहा है कि विद्यालय में होने वाली क्रिया कलापों में प्रत्येक बालक की सहभागिता सुनिश्चित न होने से क्रिया कलाप कुछ ही छात्रों तक सीमित रह जाते हैं जिससे विषय वस्तु अरूचिकर हो जाती है। तथा धारण प्रभावित होता है।

सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत यह प्रस्तावित किया जा रहा है कि छात्रों की अनेक समितियां गठित होंगी और छात्र ही उन समितियों के प्रतिनिधि होंगे तथा कार्यो के प्रति उत्तरदायी रहेंगे, छात्रों की निम्नवत समितियां प्रस्तावित की जा रही है।

- स्वागत समिति
- स्वच्छता समिति (विद्यालय परिसर एवं व्यक्तिगत स्वच्छता)
- सांस्कृतिक क्रिया कलाप समिति
- खेलकुद समिति
- अनुशासन समिति

विद्यालय पुनः निर्माण :-

सभी के लिये शिक्षा परियोजना से पूर्व जनपद उधम सिंह नगर में 3प्रा. वि. भवन हीन थे जो वन क्षेत्र में भूमि का पंजीकरण न हो पाने के कारण नहीं बन पाये हैं। तथा 82 प्रा. वि. व 5 पू. मा. वि. जीर्णक्षीर्ण एवं ध्वस्त थे। परियोजना के दौरान प्रा. वि. तथा उ.प्रा. वि. का पुनः निर्माण किया गया परन्तु बेसिक शिक्षा परियोजना में इस कार्य हेतु वर्ष 95 के बाद कोई धनराशि उपलब्ध नहीं करायी गयी। जिससे 23 प्रा0 पि. जो जीर्णक्षीर्ण है एवं 2 उ0प्र0वि0 जीर्णशीर्ण है। उनका पुनः निर्माण नहीं हो सका है। सर्व शिक्षा अभियान के दौरान इन 23 प्रा. वि. एवं 2 उ0 प्रा0 वि0 के पुनः निर्माण का लक्ष्य प्राविधानित है । 3 प्रा. वि. जो वन क्षेत्र में होने के कारण भवनहीन हैं सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत समुदाय की भागीदारी से इनके निभार्ण का लक्ष्य रखा गया है ।

कुल प्रथमिक विद्यालय			वर्ष 2001-02 हेतु प्रस्तावित	वर्ष 2002-03 हेतु प्रस्तावित	वर्ष 2003-04 हेतु प्रस्तावित		
भवनहीन	जीर्णक्षीर्ण	योग			प्राथमिक	पूर्व मा0	
1	2	3	4	5	6	7	
3	23	26	05	11	10	2	

विद्यालय पुनर्निर्माण विवरण (विकास खण्डवार)

क्र. सं.	विकास खण्ड	कुल विद्यालय						प्रस्तावित विद्यालय					
		प्राथमिक			उ0 प्राथमिक			2001-02		2002-03		2003-04	
		भवनहीन	जीर्णक्षीर्ण	योग	भवनहीन	जीर्णक्षीर्ण	योग	P.S.	U.P.S.	P.S.	U.P.S.	P.S.	U.P.S.
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
1.	जसपुर	--	5	5	--	-	-	01	-	02	-	02	-
2.	काशीपुर	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
3.	बाजपुर	-	3	3	-	-	-	01	-	01	-	01	-
4.	गदरपुर	01	04	05	-	-	-	01	-	02	-	02	-
5.	रूद्रपुर	-	06	06	-	-	-	-	-	03	-	03	-
6.	सितारगंज	-	04	04	-	02	02	01	-	02	-	01	02
7.	खटीमा	02	01	03	-	-	-	01	-	01	-	01	-
	योग	03	23	26	-	02	02	05	-	11	-	10	02

सभी के लिए शिक्षा परियोजना से पूर्व जनपद में 3 प्रा. वि. भवनहीन थे। जो वन क्षेत्र में भूमि का पंजीकरण न हो पाने के कारण नहीं बन पाये है। परियोजना के दौरान 42 प्रा.वि. तथा 3 उ.प्रा.वि. का पुनर्निर्माण किया गया परन्तु बेसिक शिक्षा परियोजना में इस कार्य हेतु वर्ष 1995 के बाद कोई धनराशि उपलब्ध नहीं करायी गयी जिससे 23 प्राथमिक तथा 2 उ0 प्रा0 विद्यालय जो जीर्णक्षीर्ण हैं का पुनर्निर्माण नहीं हो सका है। सर्व शिक्षा अभियान के दौरान 23 प्राथमिक एवं 2 उ0 प्रा0 विद्यालयों के पुननिर्माण का लक्ष प्रस्ताविक है। 3 प्रा. वि. जो वन क्षेत्र भूमि के कारण भवनहीन हैं सर्वशिक्षा अभियान के दौरान समुंदाय की भागीदारी से इसके निर्माण का लक्ष रखा गया है।

अतिरिक्त कक्ष विवरण (विकास खण्डवार)

छात्र संख्या वृद्धि के कारण विद्यालयों मे अतिरिक्त कक्षा कक्षों की आवश्यकता पड़ रही है। जनपद उध ामसिंह नगर में वर्तमान छात्र संख्या एवं उपलब्ध कक्षा कक्षों के आधार पर कुल अतिरिक्त कक्षा कक्ष प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, रा0इ0का0/रा0उ0मा0वि0 हेतु एस्तावित किए जा रहे हैं। जिनका विवरण निम्नवत है :-

क्र. सं.	विकास खण्ड	कुल विद्यालय				प्रस्तावित विद्यालय		
						2001-02	2002-03	2003-04
1	2	3	4	5	6	7 .	8	9
1.	जसपुर	48	02	02	52	08	14	30
2.	काशीपुर	34	08	02	44	06	08	30
3.	बाजपुर	39	–	–	39	09	10	20
4.	गदरपुर	37	01	04	42	08	14	20
5.	रूद्रपुर	26	04	10	40	10	15	15
6.	सितारगंज	24	06	06	36	08	13	15
7.	खटीमा	23	12	08	43	08	15	20
8.	नगर क्षेत्र	09	02	–	11	03	03	05
	योग	240	35	32	307	60	92	155

विद्यालय मरम्मत -

नवीनतम आकड़ो के आधार पर जनपद उधमसिंह नगर में 252 प्राथमिक तथा 64 उच्च प्राथमिक विद्यालय भवनों की स्थिति मरम्मत योग्य हो गयी है। बेसिक शिक्षा परियोजना अर्न्तगत यद्यपि मरम्मत मद में भी धनराशि स्वीकृत की गई थी किन्तु जिसे वर्ष 1994-95 तक ही सीमित किया गया था। यद्यपि जनपद में लगभग 15 वर्ष पूर्व बने भवन मरम्मत योग्य की श्रेणी में आ चुके थे, इस प्रकार निम्न तालिका अनुसार मरम्मत योग्य विद्यालयों को प्रस्तावित किया जा रहा है।

विद्यालय का नाम	मरम्मत योग्य भवनों की संख्या	2001-02	2002-03	2003-04	2004-05	योग
1	2	3	4	5	6	7
प्राथमिक	252	16	95	80	61	252
उच्च प्राथ.	64	08	06	30	20	64
योग	316	24	101	110	81	316

मरम्मत योग्य विद्यालय भवनों की संख्या

प्राथमिक स्तर

क्रम. सं.	विकास खण्ड का नाम	ग्रामीण क्षेत्र			नगर क्षेत्र		
		मरम्मत योग्य कुल विद्यालय	लघु मरम्मत	वृहत मरम्मत	मरम्मत योग्य कुल विद्यालय	लघु मरम्मत	वृहत मरम्मत
1	2	3	4	5	6	7	8
1	जसपुर	41	41	–	0	0	0
2	काशीपुर	44	13	031	12	01	11
3	बाजपुर	61	46	15	0	0	0
4	गदरपुर	28	07	21	0	0	0
5	रूद्रपुर	05	05	0	0	0	0
6	सितारगंज	11	11	0	0	0	0
7	खटीमा	50	50	0	0	0	0
	योग	240	173	67	12	1	11

जनपद में ग्रामीण क्षेत्र में कुल 627 विद्यालयों में से 240 विद्यालय मरम्मत योग्य हैं। जबकि नगर क्षेत्र में 22 में 12 मरम्मत योग्य हैं।

मरम्मत योग्य विद्यालय भवनों की संख्या

उच्च प्राथमिक स्तर

क्रम स.	विकास खण्ड का नाम	ग्रामीण क्षेत्र			नगर क्षेत्र		
		मरम्मत योग्य कुल विद्यालय	लघु मरम्मत	वृहत मरम्मत	मरम्मत योग्य कुल विद्यालय	लघु मरम्मत	वृहत मरम्मत
1	2	3	4	5	6	7	8
1	जसपुर	05	05	0	0	0	0
2	काशीपुर	13	–	13	07	07	–
3	बाजपुर	20	15	05	0	0	0
4	गदरपुर	09	04	05	0	0	0
5	रूद्रपुर	02	02	–	0	0	0
6	सितारगंज	2	2	–	0	0	0
7	खटीमा	6	6	–	0	0	0
	योग	57	34	23	07	07	0

जनपद के कुल 180 विद्यालयों में से 34 लघु मरम्मत तथा 23 वृहत मरम्मत योग्य हैं । नगर क्षेत्र में 7 विद्यालय लघु मरम्मत योग्य हैं।

पेयजल की उपलब्धता

प्राथमिक स्तर

क्रम सं.	विकास खण्ड का नाम	ग्रामीण क्षेत्र				नगर क्षेत्र			
		कुल विद्यालय	पेयजल			कुल विद्यालय	पेयजल		
			युक्त	विहीन	आवश्यकता		युक्त	विहीन	आवश्यकता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	जसपुर	88	85	3	3	2	2	0	0
2	काशीपुर	67	66	01	01	16	15	01	01
3	बाजपुर	79	74	05	05	0	0	0	0
4	गदरपुर	97	94	03	03	0	0	0	0
5	रूद्रपुर	92	87	05	05	04	03	01	01
6	सितारगंज	102	96	06	06	0	0	0	0
7	खटीमा	102	91	11	11	0	0	0	0
	योग	627	593	34	34	22	20	02	02

जनपद में कुल 36 विद्यालयों में पेयजल की आवश्यकता है।

पेयजल की उपलब्धता

पूर्व माध्यमिक स्तर

क्र.स.	विकास खण्ड	कुल विद्यालय	पेयजल		
			युक्त	विहीन	आवश्यकता
1	2	3	4	5	6
1.	जसपुर	26	25	01	01
2.	काशीपुर	16	16	–	–
3.	बाजपुर	23	23	--	–
4.	गदरपुर	25	25	–	–
5.	रूद्रपुर	27	24	03	03
6.	सितारगंज	27	23	03	03
7.	खटीमा	28	24	04	04
8.	नगरक्षेत्र	08	08	–	–
	योग	180	168	12	12

कुल 12 पूर्वमाध्यमिक विद्यालयों में पेयजल की आवश्यकता है।

पेयजल की व्यवस्था :

जनपद उधम सिंह नगर में बेसिक शिक्षा परियोजनान्तर्गत प्रत्येक विद्यालय में हैण्डपम्प स्थातिप करने का प्राविधान किया गया था। क्योंकि विद्यालयों में पेयजल की स्थापना बच्चों के शिक्षण कार्य में सुविधाजनक स्थिति प्रदान करती है,और धारण क्षमता में वृद्धि होती है। वर्तमान में कतिपय कारणों से 34 प्राथमिक 12 पूर्व मा. विद्यालय पेयजल सुविधा से वंचित रह गये हैं जिन्हें सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत प्रस्तावित किया जा रहा है। इसके अन्तर्गत नवीन स्थापित तथा पुराने की मरम्मत किया जाना सम्मिलित है।

कुल विद्यालय संख्या (परि + राजकीय)	पेयजल उपलब्ध विद्यालयों की संख्या	आव-श्यकता	प्रस्तावित पेयजल वाले विद्यालयों की संख्या							
			2001-02	2002-03	2003-04	2004-05	2005-06	2006-07	2007-08	2008-09
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
प्राथमिक 649	613	36	15	–	21	–	–	–	–	–
पूर्व मा.वि. 180	168	12	04	–	08	–	–	–	–	–
योग 829	783	48	19	–	29	–	–	–	–	–

2009-010
11
–
–
–

विद्यालयों में शौचालय की उपलब्धता

प्राथमिक स्तर

क्रम. सं.	विकास खण्ड का नाम	ग्रामीण क्षेत्र				नगर क्षेत्र			
		कुल विद्यालयों की संख्या	शौचालय		आवश्यक संख्या	कुल विद्यालयों की संख्या	शौचालय		आवश्यक संख्या
			युक्त	विहीन			युक्त	विहीन	
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	जसपुर	88	79	9	9	2	2	0	0
2	काशीपुर	67	67	–	–	16	12	04	04
3	बाजपुर	79	61	18	18	0	0	0	0
4	गदरपुर	97	66	31	31	0	0	0	0
5	रूद्रपुर	92	65	27	27	4	0	4	4
6	सितारगंज	102	68	34	34	0	0	0	0
7	खटीमा	102	39	63	63	0	0	0	0
	योग	627	445	182	182	22	14	08	08

जनपद में 190 विद्यालय में शौचालयों की उपलब्धता का प्रस्तावित की गयी है।

विवरण परिशिष्ट में है ।

शौचालय उपलब्धता

पूर्व माध्यमिक स्तर

क्र.स.	विकास खण्ड	कुल विद्यालय	शौचालय		
			युक्त	विहीन	आवश्यकता
1	2	3	4	5	6
1.	जसपुर	26	24	02	02
2.	काशीपुर	16	16	–	–
3.	बाजपुर	23	21	02	02
4.	गदरपुर	25	20	05	05
5.	रूद्रपुर	27	24	03	03
6.	सितारगज	27	22	05	05
7.	खटीमा	28	17	11	11
8.	नगरक्षेत्र	08	06	02	02
	योग	180	150	30	30

कुल 30 पूर्वमाध्यमिक विद्यालयों में शौचालय की आवश्यकता है।

शौचालय :

जनपद उधम सिंह नगर बेसिक शिक्षा परियोजना के अन्तर्गत 405 शौचालयों के निर्माण के फलस्वरूप वर्तमान में 190 प्राथमिक 30 पूर्व माध्यमिक विद्यालय शौचालय विहीन रह गये है। शौचालयों की नितान्त आवश्यकता होती है। यह समस्या और भी जटिल तब हो जाती है जब विद्यालयों में बालिकाओं की संख्या अधिक होती है। क्योंकि बालिकाएं खुले मैदान में शौच का प्रयोग नहीं कर सकती है।

सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत अवशेष रह गये 220 शौचालयों को प्रस्तावित किया जा रहा है। जिससे शिक्षण कार्य में व्यवधान न हो तथा धारण क्षमता में वृद्धि हो पायें ।

कुल विद्यालय संख्या	उपलब्ध शौचालय संख्या	आवश्यकता	प्रस्तावित शौचालय संख्या				
			2001-02	2002-03	2003-04	2004-05	योग
1	2	3	4	5	6	7	8
प्राथमिक 649	459	190	43	40	50	-	133
पूर्व मा.वि. 180	150	30	07	10	07	-	24
योग 829	609	220	50	50	57	-	157

विद्यालयों में चाहरदीवारी की स्थिति

जनपद - उधमसिंह नगर

प्राथमिक स्तर

क्रम. सं.	विकास खण्ड का नाम	ग्रामीण क्षेत्र				नगर क्षेत्र			
		कुल विद्यालयों की संख्या	चाहरदीवारी युक्त	चाहरदीवारी विहीन	आवश्यकता	कुल विद्यालयों की संख्या	चाहरदीवारी युक्त	चाहरदीवारी विहीन	आवश्यकता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	जसपुर	88	34	54	54	2	2	0	0
2	काशीपुर	67	19	48	48	16	14	02	02
3	बाजपुर	79	13	66	66	0	0	0	0
4	गदरपुर	97	23	74	74	0	0	0	0
5	रूद्रपुर	92	48	44	44	4	1	3	3
6	सितारगंज	102	26	76	76	0	0	0	0
7	खटीमा	102	32	70	70	0	0	0	0
	योग	627	195	432	432	22	17	05	05

विद्यालय भवन एवं सामग्री की सुरक्षा हेतु चाहरदीवारी की आवश्यकता है। जनपद में कुल 437 विद्यालयों में चाहरदीवारी उपलब्ध नहीं है।

विद्यालयों में चाहरदीवारी की स्थिति

जनपद - उधमसिंह नगर

उच्च प्राथमिक स्तर

क्रम स.	विकास खण्ड का नाम	ग्रामीण क्षेत्र				नगर क्षेत्र			
		कुल विद्यालयों की संख्या	चाहरदीवारी युक्त	चाहरदीवारी विहीन	आवश्यकता	कुल विद्यालयों की संख्या	चाहरदीवारी युक्त	चाहरदीवारी विहीन	आवश्यकता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	जसपुर	26	12	14	14	1	1	0	0
2	काशीपुर	16	3	13	13	6	05	01	01
3	बाजपुर	23	7	16	16	0	0	0	0
4	गदरपुर	25	5	20	20	0	0	0	0
5	रूद्रपुर	27	21	06	06	1	1	0	0
6	सितारगंज	27	8	19	19	0	0	0	0
7	खटीमा	28	11	17	17	0	0	0	0
	योग	172	67	105	105	8	07	01	01

ग्रामीण क्षेत्र में 106 विद्यालयों में वाहरदीवारी की आवश्यकता है। इसमें 02 रा0इ0का0/रा0उ0मा0वि0 है। इसके अतिरिक्त 10 रा0इ0का0/रा0उ0मा0वि0 में भी चाहरदीवारी की आवश्यकता है।

विद्यालयों में चाहरदीवारी :-

जनपद उधम सिंह नगर प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक में 543 तथा रा0इ0का/रा0उ0मा0वि0 में 10 ऐसे विद्यालय है जिनमें चाहरदीवारी का निर्माण नहीं हुआ है जिससे विद्यालय के पठन पाठन क्रिया कलापों पर वितरीत प्रभाव पड़ता है क्योंकि अधिकांश विद्यालय आवादी से दूरी पर होते हैं। विद्यालय में चौकीदार की व्यवस्था नहीं होती है। ऐसी स्थिति में चाहरदीवारी का होना नितान्त आवश्यक होता है ताकि विद्यालय के क्रिया कलापों व कार्यक्रम में अव्यवस्था उत्पन्न न हो और विद्यालय की धारण क्षमता में वृद्धि हो सके। विश्व बैंक परियोजना में इस मद में ध नराशि स्वीकृत करने का प्राविधान नहीं था।

सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत चारहरदीवारी निर्माण की परियोजना प्राथमिकता से लिया गया है जनपद में उपलब्ध एवं प्रस्तावित चाहरदीवारी का विवरण दिया जा रहा है।

जनपद उधमसिंह नगर	प्रस्तावित चाहरदीवारी									
	विद्यालय	उपलब्ध	2001-02	2002-03	2003-04	2004-05	2005-06	2006-07	2007-08	योग
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
प्राथमिक	649	216	24	50	80	80	—	—	—	234
पूर्व मा.वि.	180	70	04	15	23	20	—	—		62
रा.इ.का./रा.उ.मा.वि.	42	32	—	-	6	6	—	—	—	12
योग	871	318	28	65	109	106	—	—	—	308

विकास खण्ड वार निशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण हेतु बच्चों का विवरण

प्राथमिक स्तर

क्र.स.	विकास खण्ड	बच्चों का विवरण			
		अनुसूचित जाति	जनजाति	शेष बालिकाऐं	कुल योग
1	2	3	4	5	6
1.	जसपुर	4185	–	7143	11328
2.	काशीपुर	5052	80	3245	8377
3.	बाजपुर	3435	2058	4505	9998
4.	गदरपुर	7273	1772	3874	12919
5.	रूद्रपुर	9085	152	7444	16681
6.	सितारगंज	9896	4221	4655	18772
7.	खटीमा	5541	7341	5724	18606
8.	नगरक्षेत्र	654	22	3651	4327
	योग	45121	15646	40241	101008

विकास खण्ड वार निशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण हेतु बच्चों का विवरण

पूर्व माध्यमिक स्तर

क्र.स.	विकास खण्ड	बच्चों का विवरण			
		अनुसूचित जाति	जनजाति	शेष बालिकाऐं	कुल योग
1	2	3	4	5	6
1.	जसपुर	1289	–	1808	3097
2.	काशीपुर	1406	16	666	2088
3.	बाजपुर	1562	425	1176	3163
4.	गदरपुर	401	402	650	1453
5.	रूद्रपुर	1445	27	2130	3602
6.	सितारगंज	1895	1574	1034	4503
7.	खटीमा	1185	3806	5716	10707
8.	नगरक्षेत्र	327	19	2047	2393
	योग	9510	6269	15227	31006

निशुल्क पाठ्य पुस्तक विवरण (प्राथमिक स्तर)

विकासखण्ड	अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति तथा सभी बालिकाओं की संख्या								
	2001-02	2002-03	2003-04	2004-05	2005-06	2006-07	2007-08	2008-09	2009-10
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
जसपुर	11328	11634	11948	12270	12601	12941	13290	13649	14017
काशीपुर	8322	8603	8835	9074	9319	9570	9828	10094	10366
बाजपुर	9998	10268	10545	10830	11122	11422	11730	12047	12372
गदरपुर	12919	13268	13626	13994	14372	14760	15158	15567	15988
रूद्रपुर	16681	17131	17594	18069	18557	19058	19573	20101	20644
सितारगंज	18772	19279	19799	20334	20883	21447	22026	22621	23232
खटीमा	18606	19108	19624	20154	20698	21257	21832	22426	23025
नगरक्षेत्र	4327	4444	4564	4687	4814	4944	5077	5214	5355
योग	101008	103735	106537	109412	112366	115399	118514	121713	124999

जनगणना 1991 तथा 2001 की वृद्धि दर 2.7 प्रतिशत को दर मानकर तथा वर्ष 2001-02 के बच्चों की संख्या को आधार मानकर आंकलन किया गया है।

निशुल्क पाठ्य पुस्तक विवरण (पूर्व माध्यमिक स्तर)

विकासखण्ड	अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति तथा सभी बालिकाओं की संख्या								
	2001-02	2002-03	2003-04	2004-05	2005-06	2006-07	2007-08	2008-09	2009-10
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
जसपुर	3097	3181	3267	3355	3446	3539	3635	3733	3834
काशीपुर	2088	2144	2202	2261	2322	2385	2449	2515	2583
बाजपुर	3163	3248	3336	3426	3519	3614	3712	3812	3915
गदरपुर	1453	1492	1532	1573	1616	1660	1705	1751	1798
रूद्रपुर	3602	3699	3799	3901	4006	4114	4225	4339	4456
सितारगंज	4503	4625	4750	4878	5010	5145	5284	5427	5574
खटीमा	10707	10996	11293	11598	11911	12233	12563	12902	13250
नगरक्षेत्र	2392	2458	2524	2593	2662	2734	2808	2884	2961
योग	31006	31843	32703	33585	34492	35424	36381	37363	38371

जनगणना 1991 तथा 2001 की वृद्धि दर 2.7 प्रतिशत को दर मानकर तथा 2001-02 के बच्चों की संख्या को आधार मानकर आंकलन किया गया है।

जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थान/बी.आर.सी./एन.पी.आर.सी. के कार्य व दायित्व :-

बेसिक परियोजना के अन्तर्गत यह अनुभव किया गया कि शिक्षक की उपलब्धता के बाद उसे शिक्षक की नवीन विद्याओं तथा नवीन पाठों की जानकारी दिया जाना आवश्यक है। जिसके लिए जिले में जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान एवं ब्लाक में ब्लाक संसाधन केन्द्र तथा न्याय पंचायत में न्याय संसाधन केन्द्र संचालित है। किन्तु बेसिक शिक्षा परियोजना के निर्देशानुसार बी.आर.सी. तथा एन.पी.आर.सी. के पद समाप्त हो चुके हैं। बी.आर.सी. में एक समन्वयक एक सह समन्वयक एवं एक परिचारिक का पद होता हैं। जबकि NPRC में एक समन्वयक का पद होता है। इन पदों के कार्यरत न होने पर शिक्षकों के प्रशिक्षण कार्य प्रभावित होते हैं :

प्रशिक्षण कार्य :-

- पाठ्यक्रम की जानकारी।
- नवीन विद्याओं की जानकारी।
- सहायक सामग्री निर्माण कार्यशाला।
- शिक्षण में सहायक सामग्री का प्रयोग कराना।
- पाठ्य पुस्तक में आये नवीन पाठों की जानकारी ।
- शिक्षण में आयी समस्या का समाधान ।

सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत उपरोक्त प्रशिक्षण संस्थानों/केन्द्रो के महत्व को देखते हुए ब्लाक संसाधन केन्द्रो एवं न्याय पंचायत केन्द्रो के दो पदो की स्वीकृति प्रस्तावित की जाती है।

उधम सिंह नगर	डायट		बी.आर.सी.		एन.पी.आर.सी.	
	उपलब्ध	प्रस्तावित	उपलब्ध	प्रस्तावित	उपलब्ध	प्रस्तावित
1	2	3	4	5	6	7
संस्थान	–	01	07	–	27	–
समन्वयक	–	राज्य के विचाराधीन	–	07	–	27
सहायक समन्यवक	–	–		07	–	–
परिचारक	–	–	–	07	–	–

उधम सिह नगर	डायट		बी.आर.सी.		एन.पी.आर.सी.	
	उपलब्ध	प्रस्तावित	उपलब्ध	प्रस्तावित	उपलब्ध	प्रस्तावित
1	2	3	4	5	6	7
उपकरण						
कम्प्यूटर	–	01	–	–	–	–
फोटोस्टेट	–	01	–	07	–	–
जनरेटर	–	01	–	–	–	–
पुस्तकालय	–	01	–	07	–	27
भवन मरम्मत	–	–	–	07	–	27
टेलीफोन	–	01	–	07	–	–
रख–रखाव	–	–	–	07	–	27
आकस्मिक व्यय	–	–	–	07	–	27
कार्यशाला का आयोजन		20		20		120
कोर कमेटी बैठक		120		120		120

अध्यापको को प्रोहत्साहन :-

यह भी अनुभव किया जा रहा है कि मूल्यांकन का निश्चित मानक न होने पर अच्छे अध्यापकों का चयन करना कठिन होता है। यदि शिक्षण गुणवत्ता का निश्चित मानक बना दिया जाय जो अच्छे अध्यापकों को लाभ मिलेगा अच्छे अध्यापकों चयन करने के की निम्न प्रतियोगिता कराई जाये प्रतियोगिता में सभी विद्यालय तथा सभी छात्र सम्मिलित किये जाये।

प्रतियोगिता के बिन्दू निम्नवत है :–

- विद्यालयों के संसाधनों (शिक्षण सामग्री, भवन, परिसर, शौचालय, पेयजल)के रखरखाव एवं उपयोग।
- सुलेख प्रतियोगिता।
- शिक्षण स्तर प्रतियोगिता

विद्यालय संसाधन रख रखाव एवं उपयोग प्रतियोगिता :–

परीक्षाफल विद्यालय कानाम	भवन, परिसर, शौचालय, पेयजल सहायक सामग्री		
	60% से अधिक	60%–50%	50% से कम

सुलेख प्रतियोगिता :

परीक्षाफल	कक्षा 5	कक्षा 4	कक्षा 3
60% से अधिक अंक प्राप्त करने के बाद			
60% से कम 50% से अधिक अंक प्राप्त			
50% से कम अंक प्राप्त			

शिक्षण स्तर प्रतियोगिता :

परीक्षाफल	कक्षा 1	कक्षा2	कक्षा3	कक्षा 4	कक्षा 5
60% से अधिक अंक प्राप्त करने के बाद					
60% से कम 50% से अधिक अंक प्राप्त					
50% से कम अंक प्राप्त					

उपरोक्त तीनो प्रतियोगिता में सभी विद्यालय के सभी छात्र सम्मिलित होंगे। तथा जो विद्यालय 80 प्रतिशत छात्र, 60 प्रतिशत अंक प्राप्त करेंगे। उन्हे जिला स्तर पर पुरस्कृत किया जायेगा। 60 प्रतिशत छात्र 50 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त विद्यालयों के ब्लाक स्तर पर पुरस्कृत तथा 50 प्रतिशत छात्र वाले को सुझाव देना एंव दुवारा प्रतियोगिता करना।

शिक्षण के अतिरिक्त अध्यापक के लिए अतिरिक्त कार्य :-

विद्यालयों के व निरीक्षणों के दौरान यह बात उभर कर आती है कि अध्यापक शिक्षण के अतिरिक्त अन्य कार्यो भी शासन के निर्देशानुसार सम्बंध किया जाता है। जिससे जहां एक और शिक्षण प्रभावित होता है वहीं दूसरी ओर शिक्षक को अन्यत्र जाने का बहाना मिल जाता है। कि शिक्षक को अन्य कार्य में न लगाया जाये। फिर भी अपेक्षित लाभ नहीं पहुंचा। अतिरिक्त कार्य मुख्य रूप में निम्नवत है ।

- पशु गणना
- जनगणना
- निर्वाचन
- पल्य पोलियो अभियान
- आर्थिक गणना
- कुष्ठ रोग गणना
- भवन निर्माण
- पोष्टाहार वितरण

सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत उपरोक्त अतिरिक्त कार्य ने कराया जाय तो गुणवत्ता मे सुधार होगा।

जनपद में प्रशिक्षण कार्यक्रमों का पूर्ण विवरण व प्रस्ताव

प्रशिक्षण :

यह देखा गया है कि विभिन्न प्रशिक्षण देने के बावजूद शिक्षक अभी शिक्षण में परम्परागत विधि का प्रयोग करते हैं। जिससे शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित होती है जिसके निम्नवत् प्रशिक्षण प्रस्तावित है ।

क्र.स.	श्रेणी सस्था	प्रतिभागी	संख्या	प्रशिक्षण		शैक्षिक आवश्यकताओं के सबंध में उनकी फीड बैक
				प्रशिक्षण का नाम	दिवस	
1	2	3	4	5	6	7
1	विकासखण्ड संसाधन केन्द्र	समन्वयक सह समन्वय	07 07	विजनिंग सेवारत प्रशिक्षण	4 6	
2.	न्याय पंचायत संसाधन केन्द्र	समन्वयक	27	विजनिंग सेवारत	4 6	
3.	प्राथमिक विद्यालय	प्रधानाध्यापक स. अध्यापक शिक्षा मित्र	649 1178 131	सेवारत सेवारत सेवारत	6 6 6	
4.	उच्च प्राथमिक परिषदी/राजकीय	प्र.अ. स.अ.	180 650	सेवारत सेवारत	6 6	
5.	आंगनवाड़ी	कार्यकत्री सहायिका	419 419	– –	– –	
6.	शिक्षा गारण्टी केन्द्र	आचार्यजी	15	सेवारत	6	
7.	ग्राम शिक्षा समितियां	ग्राम प्रधान प्रधानअध्यापक अन्य सभी सदस्य	336 336 3024	ग्राम शिक्षा समिति प्रशिक्षिण	3	
8.	विकास खण्ड सन्दर्भ समूह	बी.आर.सी. के सभी सदस्य	49	वीक्षण प्रशिक्षण	2 "	

सेवारत प्रशिक्षण –गणित, हिन्दी, विज्ञान, पर्यावरण, अंग्रेजी,संस्कृत

6 दिवसीय प्रशिक्षण प्रत्येक विषय का

विकलांग बच्चों हेतु सुविधा :-

जनपद उधम सिंह नगर में विकास खण्ड स्तरीय शिक्षा अधिकारियों द्वारा उपलब्ध कराई सूचना अनुसार जनपद उ0 सि0 नगर के वर्तमान में 1225 बालक तथा 1100 बालिकाऐं कुल 2325 बच्चें विकलांग है। जिनमें से 728 बालक व 381 बालिकाऐं कुल 1109 बच्चे विभिन्न विद्यालयों में अध्यापन कर रहे हैं। सर्व शिक्षा अभियान में ऐसे बच्चों जो सुनना, देखना, शारीरिक व मानसिक रूप से विकलांगता से ग्रसित हैं के लिये अनेकप्रकार से सुविधा प्रदान किये जाने का प्राविधान किया गया हैं। बच्चों का वि0 खण्ड वार विवरण संलग्न तालिका में अंकित है। जनपद उधमसिंह नगर में इन बच्चों के लिये 1200/-- प्रति बच्चे की दर से कुल रू. 1330.80 हजार की योजना प्रस्तावित की जा रही है। जिसके अन्तर्गत बच्चों को उपकरण प्रदान कराना प्रचार प्रसार कार्यक्रम आयोजन कर सम्मिलित है।

विकलांग बच्चो का विवरण

क्र सं	विकास खण्ड	06 से 18 वर्ष के विद्यालय जाने वाले विकलांग बच्चे			06 से 18 वर्ष के विद्यालय न जाने वाले विकलांग बच्चे			सम्पूर्ण योग (कुल विकलांग बच्चे)		
		बालक	बालिका	योग	बालक	बालिका	योग	बालक	बालिका	योग
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	जसपुर	161	41	202	110	63	173	271	104	375
2.	काशीपुर	110	27	137	135	85	220	245	112	357
3.	बाजपुर	76	49	125	27	42	69	103	91	194
4.	गदरपुर	75	61	136	37	21	58	112	82	194
5.	रूद्रपुर	110	70	180	105	57	162	215	127	342
6.	सितारगंज	70	45	115	41	33	74	111	78	189
7.	खटीमा	126	88	214	42	29	71	168	117	285
	योग	728	381	1109	497	330	827	1225	1100	1936

नोट :– उक्त सूचना में नगर क्षेत्र भी सम्मिलित है।

नवाचार शिक्षा के अन्तर्गत कम्प्यूटर शिक्षा कार्यक्रम :-

प्रायः यह देखने में आ रहा है कि बालिकाएं कक्षा 5 उत्तीर्ण करने के पश्चात विभिन्न कारणों से आगे की शिक्षा नहीं ले पा रही हैं जिसके कारण बालिकाओं का लगभग 10 प्रतिशत भाग प्रारम्भिक शिक्षा से वंचित हो रहा है. ऐसी स्थिति के निराकरण के लिये जनपद उधम सिंह नगर में उच्च प्राथमिक स्तर पर कम्प्यूटर शिक्षा के पाठ्यक्रम को संचालित करने का प्राविधान किया जा रहा है। इसके अन्तर्गत वर्ष 2002–03 में जनपद के ही 8 कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 4 कम्प्यूटर सैट उपलब्ध करा कर उपलब्ध शिक्षिकाओं में से किसी एक शिक्षिका को एक माह का कम्प्यूटर प्रशिक्षण करवा कर कार्यक्रम को लागू करना प्रस्तावित किया गया है। इन विद्यालयों का चयन प्रत्येक विकास खण्ड से एक–एक तथा मुख्यालय के विकास खण्ड से 2 विद्यालय के रूप में किया गया है। इसी प्रकार आगे के वर्षो के अन्य विद्यालयों में कम्प्यूटर स्थापित कर कम्प्यूटर शिक्षा दिये जाने का प्रावाधान है। जिससे छात्राऐं एक नया व आकर्षक विषय के प्रति अपनी रूचि दिखा सकें। इस कार्यक्रम से अवश्य ही एक नयापन विद्यार्थियों में अनुभव होने लगेगा और सर्व शिक्षा अभियान का लक्ष्य पूरा होगा।

निर्माण कार्य

(1) नये प्राथमिक विद्यालय :–

जनपद में 106 बस्तियां प्राथमिक शिक्षा से असेवित है, जिनमें से 40 बस्तियां प्राथमिक विद्यालय के मानक को पूर्ण करती है। इन बस्तियों को प्राथमिक शिक्षा से सेवित करने हेतु सर्वशिक्षा अभियान के अन्तर्गत 30 नये प्रा0 वि0 खोलने का लक्ष प्रस्तावित किया गया है।

(2) नये पूर्व माध्यमिक विद्यालय :–

जनपद में 24 बस्तियां ऐसी है जो उ0 प्रा0 शिक्षा से सेवित नहीं है। इन बस्तियों को उ0 प्रा0 शिक्षा से सेवित करने हेतु 14 नये उ0 प्रा0 विद्यालय खोलने का प्रस्ताव सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत रखा गया है।

(3) विद्यालय पुनर्निर्माण :–

जनपद में 3 प्रा0 वि0 भवनहीन है जो वन भूमि में होने के कारण भवन नहीं बन सका, अब समुदाय वाले भवन बनने को तैयार है। 30 ऐसे प्रा0 वि0 व 2 उ0 प्रा0 वि0 है जिनके भवन जीर्णक्षीर्ण/ध्वस्त हो चुके है। अतः सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत 33 प्रा0 वि0 तथा 2 उ0 प्रा0 वि0 के पुनर्निर्माण का लक्ष प्रस्तावित किया गया है।

(4) अतिरिक्त कक्ष :–

अत्यधिक छात्र संख्या के कारण विद्यालयों में प्रत्येक कक्षा के बच्चों के बैठने हेतु स्थान उपलब्ध नहीं है अतः सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत अतिरिक्त कक्ष खोलने का लक्ष प्रस्तावित किया गया है, इसके अतिरिक्त प्रत्येक ब्लाक संसाधन केन्द्र में वे अतिरिक्त कक्षा का कक्ष प्रस्तावित है।

(5) शौचालय :–

जनपद में अभी विद्यालय ऐसे हैं जहां शौचालय उपलब्ध नहीं है। बच्चों की सुविधा के ध्यान में रखते हुए सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत शौचालय बनाने का लक्ष रखा गया है।

(6) चाहरदीवारी :–

जनपद की भौगोलिक एवं सामाजिक स्थिति को देखते हुए विद्यालय की देखभाल हेतु चाहरदीवारी का होना अति आवश्यक है। अतः सर्व शिक्षा अभियान के दौरान 553 विद्यालयों में चाहरदीवारी बनाने का लक्ष्य प्रस्तावित किया गया है।

(7) सी0 आर0 सी :–

जनपद में कुछ विकास खण्डों में ऐसे न्याय पंचायत है जहां एक न्याय पंचायत के अन्तर्गत 60 से अधिक विद्यालय है। अतः सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत ऐसे न्याय पंचायत एवं नगर क्षेत्र में 6 सी0 आर0 सी0 खोलने का लक्ष प्रस्तावित है।

(8) पेयजल :–

इस मद में 19 विद्यालयों में 20 हजार प्रति की दर से वर्ष 2001–02 के लिये हैंड पम्प की स्थापना की जानी है जबकि वर्ष 2003–04 में पेयजल के अन्तर्गत 29 विद्यालयों को इसी दर से प्रस्तावित किया गया है।

अध्याय- 6

क्रियान्वयन हेतु परियोजना प्रबन्धन

सभी के लिए शिक्ष परियोजना के दौरान ग्राम शिक्षा समिति समुदाय बी.आर.सी./एन.पी.आर.सी. निरीक्षक वर्ग डायट द्वारा बेसिक शिक्षा परियोजना के लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु अनुश्रवण कार्य किया गया। सर्व शिक्षा अभियान की समस्त प्रक्रियाओं में सामुदायिक सहभागिता के द्वारा शिक्षा के सार्वजनीकरण के लक्ष्य को प्राप्त किया जाना है। इस समस्त कार्य के लिये प्रशासनिक कार्यो के निष्पादन में उच्च कोटि का लचीलापन लाने हेतु एक प्रबन्धन तन्त्र तैयार किया गया है।

निर्णायक समिति	प्रबन्धन समिति	सहायक एकेडेमिक संस्थायें
	राज्य परियोजना कार्यालय	
जिला शिक्षा परियोजना समिति	जिला परियोजना कार्यालय	डायट एवं एन.जी.ओ.
क्षेत्र विकास समिति	खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय	बी.आर.सी.
ग्राम शिक्षा समिति/एम.टी.ए.	विद्यालय के प्रधानाध्यापक कार्यालय	एन.पी.आर.सी.

जिला शिक्षा परियोजना समिति के सदस्य निम्नानुसार है :-

◘ जिला अधिकारी	अध्यक्ष
◘ मुख्य विकास अधिकारी	उपाध्यक्ष
◘ विशेषज्ञ बेसिक शिक्षा अधिकारी/	
◘ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी	सदस्य/सचिव
◘ प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान	सदस्य
◘ जिला कार्यक्रम अधिकारी	सदस्य
◘ जिला विद्यालय निरीक्षक	सदस्य
◘ मुख्य चिकित्साधिकारी	सदस्य
◘ अधिशासी अभियंता जल निगम	सदस्य
◘ जिला समाज कल्याण अधिकारी	सदस्य
◘ स्नातक/स्नातकोत्तर विद्यालय से समाज शास्त्र/ शिक्षा शास्त्र के प्राध्यापक	सदस्य
◘ नगर प्रमुख	सदस्य
◘ अध्यक्ष समस्त क्षेत्र पंचायत	सदस्य

- अध्यक्ष जिला पंचायत द्वारा नामित व्यक्ति — सदस्य
- ज्येष्ठ प्रमुख (महिला–अनुसूचित जाति/ जनजाति) — सदस्य
- राष्ट्रीय /राज्य पुरस्कार प्राप्त अध्यापक — सदस्य

प्रत्येक स्तर पर बनायी गयी समितियों को सर्वशिक्षा अभियान के लक्ष्य की पूर्ति हेतु जिम्मेदार बनाया गया है। और प्रत्येक समिति के प्रबंधन/अनुश्रवण के क्षेत्र में अपने अधिकार एवं कर्तव्य निर्धारित किये गये हैं।

क्षमता सम्बर्द्धन :-

सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत इसके उद्देश्य की प्राप्ति हेतु पूर्व से स्थापित व्यवस्था को पोषित करने एवं उसकी क्षमता संवर्द्धन हेतु निम्न संसाधनों की मांग की जा रही है।

जिला स्तर हेतु संसाधनों की मांग :-

जिला परियोजना कार्यालय अधिकार/कर्मचारी	संख्या	वेतनक्रम
जिला परियोजना अधिकारी,पदेन	1	–
जिला उप परियोजना अधिकारी,पदेन	1	–
जिला समन्वयक	4	रू. 6500–10500/–
लेखाकार	1	रू. –
कम्प्यूटर आपरेटर	1	रू. –
लिपिक/लाइब्रैरियन	2	रू. –
चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी	2	रू. 4500/–
–		

ग्राम/नगर शिक्षा समिति :-

दायित्व :

- विद्यालय के समस्त कार्यो पर प्रभावी कार्यवाही करना।
- नियमित रूप से बैठकें आयोजित करना।
- लगातार तीन बैठकों में उपस्थित न होने वाले सदस्यो के स्थान पर सक्रिय सदस्यों को निर्वाचित/ मनोनीत करना।
- विद्यालय की समस्याओं का समाधान ग्राम सभा/ वार्ड स्तर पर करना एवं इस स्तर पर हल न होने वाली समस्या समाधान हेतु जिला समिति को प्रस्तावित करना।
- विद्यालय के रख रखाव, सुरक्षा की पूर्ण जिम्मेदारी इस समिति की ही होगी।

इस सम्बन्ध में कोई शिकायत जिला स्तर पर न भेजी जाय।

- अध्यापकों के साथ सहयोग पूर्व व्यवहार करना।
- अध्यापकों की समस्याओं के समाधान जैसे आवास आदि में सहयोग देना।
- एकल अध्यापकीय विद्यालयों में अपरिहार्य परिस्थितियों में विद्यालय बन्द होने की दशा में ग्राम वार्ड के किसी शिक्षित बेरोजगार व्यक्ति से शिक्षा व्यवस्था करवाना ताकि विद्यालय बन्द न रहे। यदि उन्हें किसी प्रकार मानदेय देना हो तो उसकी अपने संसाधनों से व्यवस्था करना।
- ग्राम/वार्ड के जन समुदाय/ विभागो से सम्पर्क विद्यालय को अधिकतम लाभ पहुंचाना जैसे स्वास्थ्य परीक्षण टीके लगवाना, छात्रवृत्ति/मिड डे मील वितरण शिक्षा/ पेय जल व्यवस्था आदि।
- ग्राम /वार्ड के अनुजाति/ पिछड़ी जाति कंजर/ कबाड़ी/ मजदूर वर्ग के बच्चों के साथ भेदभाव पूर्व व्यवहार न हो। इसकी व्यवस्था करना तथा उन्हें विद्यालय सुविधा उपलब्ध कराना।
- गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले बच्चों, जो निर्धनता के कारण विद्यालय नहीं आ पाते हैं उनको समिति के माध्यम से आवश्यक सुविधा उपलब्ध करना जैसे पोशाक, भोजन आदि।
- बालिका शिक्षा हेतु– समुदाय विशेष/ अभिभावकों से सम्पर्क करना उनकी समस्या का समाधान करना तथा बालिकाओं को स्कूल भेजने हेतु प्रोत्साहित करना– जैसे घर में बच्चों की देख रेख कर रही बालिका प्रवेश हेतु बच्चों को E.C.C.E. केन्द्र में भेजकर बालिका को स्कूल में प्रवेश दिलाना उनके लिए ब्रिज कोर्स/ स्कूल कैम्पस की व्यवस्था करवाना।

अधिकार :-

- लागू योजना की प्रगति समीक्षा करना व उसकी आख्या जनपदीय समिति को भेजना।
- ग्राम/वार्ड स्तर पर आर्थिक अधिकार भी इसी समिति को दिये जाय। जैसे सिविल कार्य/ छात्रवृत्ति विवरण/ विद्यालय अनुदान का उपयोग।
- शिकायती प्रकरणों पर जांचकर समाधान करने का अधिकार दिया जाय जिसके लिए समिति को ही अंतिम निर्णय का अधिकार हो।
- अच्छे कार्य करने वाले अध्यापक को पुरस्कृत करना व कमी पाये जाने पर अध्यापक की कमियों को अवगत करना उसका समाधान करना तथा आवश्यक हो तो उसके विरूद्ध अनुशासन कार्यवाही हेतु जिला समिति को दण्ड प्रस्तावित करना।
- विद्यालय निरीक्षण व पर्यवेक्षण का अधिकार हो

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थाने :-

दायित्व –प्रशिक्षण

- अध्यापकों के लिये सेवा पूर्व प्रशिक्षण कराना सेवा एवं विभिन्न विषयों के प्रशिक्षण की व्यवस्था करना।
- बी.टी.सी./विशिष्ट बी.टी.सी. के प्रशिक्षण की व्यवस्था ।
- निरीक्षण वर्ग/ बी.आर.सी./यू.आर.सी./एन.पी.आर.सी. समन्वयकों के प्रशिक्षण की व्यवस्था।
- समय समय पर विभाग द्वारा प्रदत्त योजनाओं के प्रशिक्षा की व्यवस्था।
- संदर्भ व्यक्तियों का प्रशिक्षण करवाना।

संसाधन सहयोग :-

- विद्यालयों हेतु T.L.M. की जानकारी देना।
- नयी शिक्षण विधियों हेतु आदर्श पाठ तैयार करवाना।
- कठिन अभ्यासों में मदद करना।
- शैक्षिक विवरणों एवं कार्यक्रमों के प्रयोग की जानकारी देना।

क्रियात्मक शोध :-

- विद्यालय सम्बन्धी चयनित समस्याओं के निराकरण के प्रयास कर उनका सुधार करना।

अधिकार :-

- प्रशिक्षण हेतु अध्यापकों के चयन का अधिकार
- योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु उसकी समीक्षा व मूल्यांकन का अधिकार।

विशेषज्ञ बेसिक शिक्षा अधिकारी :-

दायित्व :

- जिला शिक्षा समिति के सदस्य सचिव के रूप में दायित्व का निर्वाहन करना।
- समस्त विभागों से समन्वय स्थापित करना।
- नियमित बैठके आयोजित करवाना उनमें पारित प्रस्तावों का क्रियान्वयन करवाना।
- निरीक्षक वर्ग के निरीक्षणों के बिन्दुओं की गहन समीक्षा करना व समस्याओं पर प्रभावी कार्रवाही करना।
- अधीनस्थ कार्यालयों पर प्रभावी नियंत्रण करना।
- समन्यवक/बी.टी.सी./यू.जी.सी./एन.आर.सी. का निर्धारित समय पर निरीक्षण एवं उनकी कमियों को दूर करना।

- मानक के अनुरूप अध्यापकों की नियुक्ति करना।
- समस्त निर्माता कार्य की समीक्षा।
- समस्त विवादों की समीक्षा व समाधान करना।

  शैक्षिक –निरीक्षण, नियुक्ति/ प्रोन्नति सम्बन्धी।

  वित्तीय – वित्त सम्बन्धी ।

  प्रबन्धकीय– अध्यापिका स्थानान्तरण/ विद्यालय खोलना/विद्यालय भवनों का पुनः निर्माण करना।
- शिक्षा समिति की बैठकों में भाग लेना।
- विभिन्न योजना जैसे मिड डे मील, छात्रवृत्ति निशुल्क पाठ्य पुस्तको का वितरण एवं अनुश्रवण करना।
- जिला योजना के समस्त बिन्दुओं की समीक्षा व उनका प्रभावी क्रियान्वयन ।
- विभाग द्वारा पूर्व से प्रदत्त सभी कार्यो का निर्वहन करना।

बी.आर.सी./यू.आर.सी. :-

दायित्व :

- विद्यालयों का वीक्षण/ पर्यवेक्षक व उसकी आख्या नियमित रूप से डायट को भेजना, डायट के विचार विमर्श कर सुधार करवाना।
- विद्यालयों की ए.,बी.,सी.,डी. में ग्रेडिंग करना।
- अध्यापक/ वी.ई.सी./ यू. ई. सी. का प्रशिक्षण कराना।
- NPRCC/BRCC/URCC की मासिक बैठक करवाना।
- विकासखण्ड /नगर क्षेत्र के विद्यालयों के सम्बन्धी सभी प्रकार आंकडे रखना जैसे शैक्षिक/ आर्थिक/ प्रबन्धकीय कार्य।
- विद्यालयों को दिये जाने वाले विभिन्न अनुदानों जैसे :–

  अध्यापक अनुदान/ विद्यालय अनुदानों का समुचित उपभोग सुनिश्चित करना।
- समस्त प्रकार के पुस्तक मेले जैसे– टी.एल.एम., पुस्तक मेला, बाल मेला आदि का आयोजन करना।

एन.पी.आर.सी :-

दायित्व :

- न्याय पंचायत क्षेत्र के विद्यालयों का वीक्षण करना।
- विद्यालय में कमियां पाये जाने पर उनमें सुधार लाना।
- शिक्षण अधिगम सामग्री/ पुस्तक मेला का आयोजन करना।
- विद्यालयों से सभी प्रकार की सूचनाओं का संकलन करना।

नगर शिक्षा अधिकारी/सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी/प्र.उ.वि.नि./सहायक नगर शिक्षा अधिकारी :-

दायित्व :

- अपने –अपने क्षेत्र में योजना का समुचित क्रियान्वयन सुनिश्चित करना।
- विद्यालयों का गहन निरीक्षण कर कमियां सुधार इंगित कर सुधार हेतु सुझाव देना।
- अच्छा कार्य करने वाले अध्यापक को पुरस्कृत करने हेतु प्रस्तावित करना।
- अच्छा कार्य करने वाली ग्राम/नगर शिक्षा समिति का मूल्यांकन कर उसे पुरस्कृत करने हेतु प्रस्तावित करना।
- विद्यालय/शिक्षक एवं समुदाय के बीच मध्यस्थता कर समन्वय स्थापित करना।
- विकासखण्ड/नगर क्षेत्र स्तर पर पाठ्य सहगामी क्रिया कलापों का आयोजन करना।

अधिकार :

- अच्छा कार्य करने वाले अध्यापक/ग्राम/ नगर शिक्षा समिति को पुरस्कृत करने हेतु संस्तुत करना।
- कार्य के प्रति लापहवाह पाये जाने पर अध्यापक को दंडित करने हेतु सिफारिश करना
- अध्यापकों की सेवा पंजिका में प्रविष्ट का अधिकार।
- अध्यापकों के अवकाश स्वीकृत करने का अधिकार।
- अनुपस्थित पाये जाने पर अध्यापक के विरूद्ध कार्यवाही करना।
- नगर शिक्षा अधिकारी को अपने कार्यालय लिपिक/ चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों को अवकाश स्वीकृत करना/ सेवा पंत्रिका मे प्रविष्ठ करना आदि।

अध्याय -7

विशेष समूह का आच्छादन

बालिका शिक्षा :-

नवीनतम सर्वेक्षण के आधार पर जनपद उधम सिंह नगर में 6-14 वय वर्ग की 11433 बालिकाऐं शिक्षा ग्रहण नही कर रही है। इनमें अधिकांश ऐसी है जिन्होंने विद्यालय में प्रवेश नही लिया तथा कुछ ऐसी है जिन्होने विद्यालय छोड़ दिया ।

तालिका 7.1

क्र.स.	जनपद का नाम	6-14 वय वर्ग के कुल बच्चे	6-14 वय वर्ग के कुल स्कूल न जाने वाले बच्चे	कुल विद्यालय न जाने वाले बच्चों में बालिकाओं की संख्या
1	2	3	4	5
1.	उधमसिंह नगर	258417	21891	11433

प्रस्तावित योजना :-

बालिका शिक्षा हेतु रणनीति

(1) ग्राम स्तर पर मातृ शिक्षक समिति/ग्राम शिक्षा समिति को प्रेरित कर बालिकाओं को विद्यालय में प्रवेश हेतु प्रेरित किया जायेगा तथा शिक्षा के महत्व के बारे में बताया जायेगा, साथ ही यह भी बताया जायेगा कि बालक के साथ-साथ बालिकाओं को भी शिक्षा प्राप्त करने का संवैधानिक अधिकार है ।

(2) ग्राम सभा स्तर पर बैठकें आयोजित की जायेगी जिनमें घरेलू काम तथा मजदूरी करने वाली बालिकाओं को चिन्हित कर उन्हें शिक्षा ग्रहण करने हेतु प्रेरित किया जायेगा।

(3) छात्राओं की उपस्थिति पर विशेष ध्यान दिया जायेगा जिससे उनकी नियमित उपस्थिति हो सके।

(4) विद्यालय परिसर को शौचालय, पेयजल आदि सुविधाओं से युक्त बनाया जायेगा जाकि बालिकाऐं विद्यालय में आने में कठिनाई महसूस न करें।

(5) महिला शिक्षिकाओं का एक समूह बनाकर उन्हें ऐसे स्थानों पर भेजा जायेगा जहां महिलाओं की साक्षरता का दर न्यून है ताकि महिलाओं की शिक्षा सम्बन्धी अज्ञानता को दूर किया जा सके।

शिशु शिक्षा केन्द्र :-

प्रारम्भिक स्तर के सार्वभौमिकरण हेतु शिशु शिक्षा केन्द्रो का महत्वपूर्ण योगदान है क्योंकि इन केन्द्रो के द्वारा 3--6 वय वर्ग के शिशुओं खेल के माध्यम से प्राथमिक शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने हेतु पूर्व तैयारी की जाती है। इसके माध्यम से जहां एक ओर लिंग भेद की भावना दूर होती है वहीं दूसरी ओर समाज के कमजोर वर्गों के बच्चो को सहायता मिलती है।

तालिका 7.2

क.स	जनपद	3-6 वय वर्ग के बच्चो की संख्या	संचालित आगनबाड़ी केन्द्र	संचालित केन्द्र तथा नर्सरी आदि पढ़ने वाले बच्चों की संख्या	अवशेष बच्चे [illegible]
1	उधम सिंह नगर	71822	419	20834	50[illegible]8

अवशेष बच्चों हेतु प्रस्तावित केन्द्र					
2002-2003	2003-2004	2004-2005	2005-2006	2006-2007	2007-2008
70 केन्द्र गोद लिये	70 केन्द्र गोद लिये	40 केन्द्र गोद लिये	40 केन्द्र गोद लिये	—	—

शिशु शिक्षा केन्द्रो की विषय वस्तु :-

(1) जिन बस्तियों में शिशु शिक्षा केन्द स्थापित नहीं है वहां शिशु शिक्षा केन्द्र स्थापित करना।

(2) शिशु शिक्षा केन्द्रो के संचालन हेतु कार्यकत्री/सेविका की व्यवस्था करना।

(3) पूर्व स संचालित शिशु केन्द्रो का सुदृढ़ीकरण।

(4) शिशु शिक्षा केन्द्रो का प्रा. वि. मे ही संचालन तथा प्रधानध्यापक द्वारा देखरेख।

छात्रवृत्ति योजना :–

इस योजना के अन्तर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा पिछड़ी जाति के बच्चों को छात्रवृत्ति प्रदान किये जाने का प्राविधान है। इस योजना के संचालन हेतु जनपद स्तर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय की स्थापना की गई है। और जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विकास खण्ड स्तर पर सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी, के माध्यम से विद्यालय से उच्च श्रेणी के बच्चों की सूची, मंगाई जाती है। तथा शासन द्वारा उपलब्ध धनराशि, प्रत्येक विद्यालय को वितरण हेतु प्रस्तुत कर दी जाती है। उक्त योजना के सफल संचालन हेतु प्रति माह जिला समाज कल्याण अधिकारी व जिला बेसिक शिक्षा द्वारा अनुश्रवण किया जाता है।

स्वास्थ्य परीक्षण :–

इस योजना के अन्तर्गत प्रत्येक विद्यालय के प्रत्येक छात्र/छात्रा का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। स्वास्थ्य परीक्षण के लिये प्रत्येक विकास खण्ड में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द के अधीक्षक द्वारा चिकित्सकों की टीम बना कर विद्यालयों का आवंटन किया जाता है। जिससे योजना का लाभ प्रत्येक बच्चे तक पहुंच सके। इस कार्य के लिये गांवो में कार्यरत दायियों की भी सहायता ली जाती है। साधारण स्वास्थ्य परीक्षण के अन्तर्गत प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय में लम्बाई नापने का पैमाना बताया गया है। तथा प्रत्येक उ0 प्रा0 विद्यालय में वजन तौलने की मशीन की व्यवस्था विद्यालय स्तर से की गई है।

अध्याय - 8

कन्वर्जेन्स एवं सहयोग

जनपद ऊधम सिंह नगर में चल रही योजनायें :-

- आई.सी.डी. एस. द्वारा 0 –6 वय वर्ग के बच्चों को पूर्व प्राथमिक शिक्षा के अतर्गत चार विकासखंडो (खटीमा, सितारगंज, गदरपुर, बाजपुर) में आंगन वाड़ी केन्द्र संचालित है।
- जनपद के सभी परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में मिड डे मील की व्यवस्था चल रही है।
- सी.डी.एस. के द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु ग्राम सभा स्तर पर स्वयं सहायता समूहों का गठन किया जा रहा है।
- स्वास्थ्य विभाग द्वारा बच्चों का स्वास्थ्य परिक्षण, जान लेवा बीमारियों जैसे एड्स, हिपेटाइटिस, पोलियो, का प्रचार--प्रसार करना।
- राष्ट्रीय साक्षरता मिशन द्वारा चल रहा उत्तर साक्षरता कार्यक्रम।
- प्रधानमंत्री रोजगार गारण्टी कार्यक्रम तथा प्रधानमत्री ग्रामीण आवास योजना।
- सामाजिक वानिकी, जलागम प्रबन्ध परियोजना द्वारा संचालित।
- स्वजल परियोजना ।

प्राथमिक शिक्षा में संचालित योजनाओं का महत्व

आई.सी.डी. एस. द्वारा संचालित आंगनवाडी केन्द्र :-

जनपद ऊधम सिंह नगर में बाल विकास विभाग द्वारा सचालित आंगनवाड़ी केन्द्र केवल विकासखण्ड खटीमा, सितारगंज, गदरपुर तथा बाजपुर में चल रहे हैं। ये केन्द्र सामान्यतया कार्यकार्तियों के घरों पर चलते हैं इन्हें विकास खण्ड स्तर पर मुख्य बाल विकास परियोजना अधिकारी द्वारा गांवो को ऐसे स्थानों में खोलना सुनिश्चित होगा जिससे कि गांव के सभी छोटे बच्चों को और उनके अभिभावकों को सुविधा हो। उक्त चल रहे केन्द्रो में बच्चों को खेलने के लिये सामग्री काफी कम है तथा बच्चों के बैठने हेतु चटाई, श्यामपट्ट आदि शिक्षण सामग्री की काफी कमी है। सर्व शिक्षा अभियान में प्राथमिक विद्यालयों के साथ ही आंगनवाड़ी केन्द चले तो बच्चों को प्राथमिक विद्यालय की सुविधाओं का लाभ भी मिल जायेगा तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्तियों को प्राथमिक अध्यापकों से शिक्षण में सहयोग भी प्राप्त होगा। कार्यकर्तियों को प्राथमिक अध्यापकों की तरह कुछ धनराशि शिक्षण सहायक सामग्री के निर्माण हेतु दी जाये तो कार्यकर्तियों का मनोबल बढ़ेगा।

सी.डी. एस. :-

इस कार्यक्रम के तहत ग्राम स्तर पर महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु उनकी सहभागिता बढ़ाई जा रही है तथा महिलाओं को उनकी जिम्मेदारी से भी अवगत कराया जा रहा है। यह कार्यक्रम भारत सरकार द्वारा संचालित है। सर्व शिक्षा अभियान में सी.डी.एस. में कार्यरत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को बच्चों के लिये प्राथमिक शिक्षा के सार्वभौमिकरण में एम.टी.ए. के रूप में मदद ली जाये तथा इससे बच्चों का नामांकन, धारण भी विद्यालयों में बढ़ेगा। छात्र–छात्राओं और अभिभावकों के बीच एम.टी.ए. द्वारा दूरी भी तय होगी।

मिड डे मील (दोहपर का भोजन) :-

भारत सरकार द्वारा प्राथमिक विद्यालयों द्वारा दोपहर का भोजन विद्यालयों में नामांकन धारण व बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य को प्रभावित करने के उद्देश्य से शुरू की थी, जो काफी प्रभावी रही है। इसी योजना में बच्चों का अल्पाहार विद्यालय मे तैयार कर बच्चों को दिया जाये तो विद्यालय बच्चों के लिये ज्यादा आकर्षण का केन्द्र बन जायेंगे। अतः माह के अन्त में केवल राशन बांटना ही न हो।

बच्चों के रोगों से सम्बन्धित योजनायें :-

स्वास्थ्य विभाग द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य परिक्षण की व्यवस्था विद्यालयों में ही की गयी है तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोग से एड्स, हिपेटाइटिस तथा पोलियों जैसी घातक बीमारियों पर नियंत्रण हेतु भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा विभिन्न कार्यक्रम चलाये जा रहे है। प्राथमिक शिक्षा द्वारा गांवो में इन कार्यक्रमों की जानकारी छात्र–छात्राओं के माध्यम से अभिभावकों तक पहुंचाकर उनमें जागरूकता पैदा की जाती है। स्वास्थ्य विभाग की मदद मौसमी बिमारियों से बचने हेतु प्राथमिक विद्यालय स्तर पर ली जाती है। इससे विद्यार्थियों के मध्य शिक्षण को प्रभावी बनाया जायेगा।

उत्तर साक्षरता कार्यक्रम :-

उत्तर साक्षरता कार्यक्रमों में स्वयंसेवी शिक्षक (वी.टी.) द्वारा कार्य किया जा रहा है जो ग्रामीणों के सम्मुख उत्तर साक्षरों को आदर्श रूप में प्रस्तुत कर शिक्षा के प्रति समाज में जन जागरण अभिप्रेरण का कार्य करते हैं। महिला साक्षरों की सहायता से बालिका शिक्षा को बल दिया जाता है।

प्रधानमंत्री रोजगार गारंटी कार्यक्रम :-

अधिकांश प्राथमिक विद्यालय ग्रामीण क्षेत्र में स्थित हैं और गांवो में अत्याधिक निर्धनता होने के कारण निर्धन वर्ग अपने बच्चों को विद्यालय न भेजकर रोजगार की तरफ प्रेरित करता है। प्रधानमंत्री रोजगार गारंटी कार्यक्रम में

केवल उन्हीं ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराने में प्राथमिकता दी जाये जिनके सभी बच्चे विद्यालय में पंजीकृत/निरन्तर उपस्थित रहते है ।

सामाजिक वानिकी व जलागम परियोजना :-

गांवो में ग्रामीणों को पर्यावरण की जानकारी व उसके संरक्षण के लाभों को प्राथमिक विद्यालयों द्वारा छात्र-छात्राओं के माध्यम से घर-घर तक पहुंचाया जाता है। तथा बच्चों में पर्यावरण सुरक्षा व पेड़-पौधो की महत्ता की जानकारी बढ़ती है।

स्वजल परियोजना :-

जनपद उधम सिंह नगर में स्वजल परियोजना द्वारा गांवो में पीने का पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। पेयजल के सदुपयोग एवं संरक्षण के विषय में स्वजल परियोजना द्वारा प्राथमिक विद्यालयों के माध्यम से समाज में जागृति पैदा की जा सकती है और विद्यालय में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित होने पर छात्रों के समय की बचत हो सकती है जिससे वे अपनी पढ़ाई में और अधिक समय दे सकेंगे।

ई.जी.एस. केन्द्र :-

जनपद उधम सिंह नगर में अधिकांश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की ऐसी बस्तियां जहां 20 से कम स्कूल जाने वाले बच्चे हैं। जिनके लिये विद्यालय 1.5 किमी. से अधिक दूर है। अतः ऐसे बच्चों के लिये शिक्षा गारंटी योजनान्तर्गत शिक्षा केन्द्रो की स्थापना की जायेगी

इनोवेटिव वैकल्पिक विद्यालय :-

